श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 198, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 14 अगस्त 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

मोदी बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों से अपने सरकारी आवास पर मिले

मेडलिस्टों का पीएम ने किया सम्मान

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों से अपने सरकारी आवास पर शनिवार सुबह 11 बजे मिले। मोदी ने कहा आप लोग स्कूलों में जाएं और आज के युवा आपको रोल मॉडल के रूप में देखते हैं। आपसे से प्रेरित होकर आपके जैसा बनने की कोशिश करता है, इसलिए आप जरूर जाएं।

मोदी बोले- आप लोगों ने बर्मिंघम में तिरंगे का मान बढ़ाया है। तिरंगे की ताकत को दुनिया ने यूक्रेन में देखा था। तिरंगा युद्धक्षेत्र से बाहर निकलने में भारतीयों का ही नहीं, बल्कि दूसरे देशों के लोगों के लिए भी सुरक्षा कवच बन गया था।

हॉकी टीम की तारीफ: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- हॉकी में हम जिस तरह अपना पुराना रुतबा हासिल कर रहे हैं वह काबिले तारीफ है। मेंस और विमेंस दोनों टीमें बधाई की पात्र हैं। हमें खुशी है कि कई खेलों में मेडल जीतने के करीब थे। यह सुकून देने वाला था। बेटियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। पूजा ने सिल्वर मेडल जीतने के बाद देश से माफी मांगी और भावुक हो गईं। उनके साथ पूरा देश भावुक हुआ और सोशल मीडिया पर लोगों ने कहा कि उन्हें माफी मांगने की जरूरत नहीं है।

बेटियों का शानदार प्रदर्शन: मोदी ने आगे कहा कि कॉमनवेल्थ में बेटियों का प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। मैंने ओलिंपिक गेम्स के बाद विनेश से कहा था कि निराश होने की जरूरत नहीं है। मुझे खुशी है कि विनेश ने निराशा को आशा में बदलने में सफल हुई हैं।

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। जूडो, कुश्ती, बॉक्सिंग हर क्षेत्र में बेटियों ने मान बढ़ाया है।वहीं आपकी ये जज्बा देश की बेटियों को प्रेरित करेगी।

पीएम मोदी ने कहा कि गर्व की बात है कि आपकी मेहनत और प्रेरणादायी उपलब्धि से देश आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में, राष्ट्र ने खेल के क्षेत्र में दो प्रमुख उपलब्धियां दर्ज की हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक प्रदर्शन के अलावा, देश ने पहली बार शतरंज ओलिंपियाड की मेजबानी की।

आप मेडल जीत रहे थे, लोग आपके लिए रात में जग रहे थे: मैंने आपसे कॉमनवेल्थ गेम्स में जाने से पहले कहा था कि आप जीतकर आओगे तो आप लोगों के साथ विजय उत्सव मानऊंगा। आप सभी को मेडल जीतने पर बधाई। आप बर्मिंघम में मुकाबला कर रहे थे, वहीं करोड़ों भारतीय रात में जागकर आपकी जीत के लिए दुआ करते थे। खेलों के प्रति दिलचस्पी बढ़ाने में आप लोगों का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

'राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीत ने मेरी यात्रा को दोगुना खास बना दिया'

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की युवा खिलाड़ी ज्योति ने कहा कि उनके लिए राष्ट्रमंडल खेल विशेष रूप से महत्वपूर्ण था, क्योंकि इस बड़ी प्रतियोगिता में मेरी पहली उपस्थिति थी। बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की इस युवा खिलाड़ी ने आगे कहा कि कांस्य पदक जीत ने हमें बहुत गर्व और खुशी से भर दिया है और टीम से जुड़े हर किसी के प्रयासों के लिए यह एक सच्चा इनाम है। कांस्य पदक ने निश्चित रूप से इस यात्रा को मेरे लिए दोगुना खास बना दिया है। 22 साल की युवा मिडफील्डर ज्योति ने आगे कहा कि खेलों का मेरा पूरा अनुभव अद्भुत था। हमने घाना, वेल्स और कनाडा के खिलाफ अपने मैच जीते लेकिन ग्रुप चरण में इंग्लैंड से हार गए। मैं यह भी समझ गई थी कि हार और जीत हमेशा किसी भी टूनार्मेंट का अहम हिस्सा होते हैं। हम राष्ट्रमंडल खेलों में पदक के लिए पसंदीदा नहीं थे लेकिन हम तमाम बाहरी चचाओं के बावजूद कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। यही वजह है कि यह उपलब्धि इतनी खास है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने वास्तव में मुझे अपना खेल सुधारने में मदद की है। अब मैं गेंद को ले जाने के दौरान आत्मविश्वास महसूस करती हूं और मेरी ऑफ द बॉल मूवमेंट में काफी सुधार हुआ है। कोचिंग स्टाफ ने भी मुझे मैदान पर कुछ अलग और रचनात्मक करने का काफी आत्मविश्वास दिया है।

सिसोदिया ने केंद्र पर लगाया सरकारी खजाने के दुरुपयोग का आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केंद्र सरकार पर सरकारी खजाने के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार पर दोस्तवाद हावी है। यह सरकार अपने कुछ चुनिंदा व्यापारियों के 10 लाख करोड़ रुपये और पांच लाख करोड़ रुपये के टैक्स को माफ कर चुकी है। इसी कारण देश की अर्थव्यवस्था में लगातार गिरावट आ रही है। सिसोदिया ने शनिवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि केन्द्र सरकार जनता के पैसे का सही उपयोग नहीं कर रही है। यह सरकार जनता के पैसे को जनता के हित में लगाने के बजाय पूंजीपतियों के हितों में खर्च कर रही है। सिसोदिया ने कहा कि 75 वर्ष में पहली बार किसी सरकार ने दूध,दही,आंटा,चावल जैसे जरूरी खाद्य सामानों पर टैक्स लगाने का काम किया है। बीते दिनों केन्द्र सरकार ने साफ कह दिया है कि वह फ्री में कुछ नहीं दे सकती है। लेकिन इस सरकार को यह भी बताना चाहिए कि कुछ चुनिंदा व्यापारियों के करोड़ों रुपये क्यों माफ किए गए है? उल्लेखनीय है कि भाजपा ने आज आरोप लगाया है कि मनीष सिसोदिया आबकारी घोटाले में लिप्त हैं। इसलिए वह लगातार हंगामा कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने अपने शराब माफिया दोस्तों का 144 करोड़ रुपया माफ करके याराना निभाया है। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया भली भांति जानते हैं कि जो हाल सत्येद्र जैन का हुआ है, वही हाल मनीष सिसोदिया का होने वाला है।

तिरंगा रैली में गुजरात के पूर्व डिप्टी सीएम गो गायर ने मारी टक्कर

महेसाणा: गुजरात में तिरंगा रैली के दौरान गाय की टक्कर से राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल घायल हो गए हैं। महेसाणा जिले के कड़ी शहर में शनिवार सुबह तिरंगा रैली के एक आवारा गाय रैली में आ घुसी थी और उसने पटेल को टक्कर मार दी थी। पटेल के उनके घुटनों में चोट आई है। उन्हें कड़ी के सरकारी अस्पताल भाग्योदय ले जाया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए अहमदाबाद शिफ्ट किया गया है। शनिवार सुबह भाजपा की इस रैली में एक गाय बेकाबू होकर सीधे भीड़ में आ घुसी थी।

बच्चों को राष्ट्रध्वज सौंप, सीएम योगी ने शुरू किया 'हर घर तिरंगा' अभियान

लखनऊ। हाथों में राष्ट्रध्वज तिरंगा, मन में राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने की इच्छा और वंदेमातरम, भारत माता की जय के ओजस्वी नारों से गुंजायमान वातावरण....। कुछ इसी प्रकार का दृश्य शनिवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर का रहा। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तिरंगा यात्रा का रवाना किया। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर 13-15 अगस्त तक आयोजित 'हर घर तिरंगा' अभियान की औपचारिक शुरूआत हुई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूली बच्चों के हाथों में तिरंगा सौंपा तो बच्चों के गर्व और खुशी मिश्रित भाव वाले चेहरे देखने लायक ही रहा। यह दृश्य देखकर लगा कि मानो नई पीढ़ी अपनी महती जिम्मेदारियों का अहसास कर रही हो। तिरंगा देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने बालक-बालिकाओं से उनका परिचय पूछा। आजादी के अमृत महोत्सव के मायने बताए और बच्चों की प्रभात फेरी को हरी झंडी भी दिखाई।

मुख्यमंत्री योगी के स्वर में स्वर मिलाकर स्कूली बच्चों ने भारत माता की जयकार लगाए। बच्चों का यह उत्साह देख मुख्यमंत्री भी प्रफुल्लित हो उठे। उन्होंने बच्चों को इस अवसर पर उपहार भी भेंट किये। उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 13-15 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया गया है। इसके तहत सभी सरकारी, निजी, वाणिज्यिक भवनों पर लोग स्वतः स्फूर्त भाव से राष्ट्रध्वज फहरा रहे हैं। अभियान के तहत प्रदेश में 4.5 करोड़ ध्वज फहराये जाने का अनुमान है।

योगी और भाजपा किसान मोर्चा के नेता को जान से मारने की धमकी

लखनऊ: आलमबाग इलाके में रहने वाले भारतीय किसान मोर्चा के नेता देवेंद्र तिवारी के घर के बाहर बृहस्पतिवार रात में एक बैग पड़ा मिला। बैग में एक पत्र मिला है जिसमें उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी गई है। देवेंद्र की तहरीर पर आलमबाग पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले जांच शुरू कर दी है। किसान मोर्चा के नेता देवेंद्र तिवारी के मुताबिक पत्र में पीआईएल दाखिल करने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उन्हें बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र किसी सलमान सिद्दीकी ने भेजा है। उस पत्र में लिखा है कि तुझे कितनी बार समझाया गया है लेकिन फिर भी नहीं मान रहा है। पीआईएल की वजह से मुसलमानों के पेट पर लात पड़ी है। इतनी बार समझाया लेकिन तुम मान नहीं रहे हो। योगी के कहने पर पीआईएल की वजह से हम लोगों के सारे स्लाटर हाउस बंद हो गए हैं।

अब तू देख तेरा क्या हाल होता है। इंतजार करो अगले 15 दिन के अंदर तुझे रिजल्ट देखने को मिलेगा। तुम लोगों ने जितना हमारे रहनुमा जनाब असदुद्दीन ओवैसी और मौलाना मदनी को रुलाया है।

जयशंकर बोले- लद्दाख में झड़प के बाद से डटी है चीनी सेना, संबंधों पर असर

चीन के साथ संबंध ठीक नहीं: विदेश मंत्री

बेंगलुरु: भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने माना है कि भारत के चीन से संबंध ठीक नहीं है। लद्दाख में झड़प के बाद भी चीनी सेना बॉर्डरके इलाकों में डटी है। अगर चीन ने शांति भंग की तो इसका असर दोनों देशों के संबंधों पर पड़ेगा। बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अगर चीन ने बॉर्डर वाले इलाकों में शांति भंग की, तो इसका असर दोनों देशों के संबंधों पर पड़ेगा। भारत अपने रुख पर कायम है। कमांडर स्तर पर हमारी 15 दौर की बातचीत हुई है। दोनों पक्षों के उन स्थानों से पीछे हटने के बारे में कुछ महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जहां वे बहुत करीब हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी कुछ जगहें हैं जहां वे पीछे नहीं हटे हैं। जयशंकर ने कहा, मैंने 2020 और 2021 में कहा है और 2022 में भी कह रहा हूं कि हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं। यदि सीमा पर स्थिति सामान्य नहीं है तो संबंध सामान्य नहीं रह सकते और सीमा की स्थिति अभी सामान्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सीमा की स्थिति एक बड़ी समस्या बनी हुई है, क्योंकि सेना पिछली दो सर्दियों से वहां डटी हुई है। यह बहुत तनावपूर्ण स्थिति है और यह एक खतरनाक स्थिति भी हो सकती है, इसलिए हम बातचीत कर रहे हैं। पिछले महीने पैंगोंग झील के पास चीनी सेना के सैन्य अभ्यास का एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में नजर आ रहा है कि चीनी सेना के हेलिकॉप्टर झील के ऊपर उड़ान भर रहे हैं। इससे पहले भी चीन की तरफ से झील के ऊपर पुल बनाने की सैटेलाइट इमेज सामने आई थी।

फतेहपुर जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र में यमुना नदी में आधा दर्जन शव उतराते हुए मिले

बांदा: नाव दुर्घटना में लापता आठ और शव मिले

बांदा। जनपद के मरका थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुए नाव दुर्घटना में लापता लोगों की तलाश लगातार बचाव दल के द्वारा जारी है। इस हादसे में शुक्रवार को एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कुल छह टीमें यमुना नदी में स्टीमर और नाव के जरिए युद्ध स्तर पर जुटी रही, लेकिन एक भी शव बरामद नहीं हुआ था। वही, देर शाम नदी के उस पार फतेहपुर जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र में यमुना नदी में आधा दर्जन शव उतराते हुए मिले। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शवों को बरामद कर लिए। इस बीच इसी इलाके में दो और शनिवार को बरामद होने की सूचना मिली है जिससे अब तक लापता लोगों में 11 लोगों के शव बरामद हो चुके हैं। अभी भी एनडीआरएफ और एसटीआरएफ की टीम यमुना नदी में शवों को खोजने में जुटी हैं। पुलिस के मुताबिक नाव में घटना के वक्त 32 लोग सवार थे, जबकि स्थानीय लोगों की माने तो इससे काफी अधिक लोग नाव में सवार थे। उल्लेखनीय है कि, गुरुवार को लगभग 50 सवारियों से भरी नाव तेज हवाओं के चलते मरका थाना क्षेत्र में यमुना नदी में पलट गई थी। इनमें से 15 लोगों को बचा लिया गया था जबकि लगभग दो दर्जन लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनमें से 3 लोगों के शव घटना के कुछ घंटे बाद बरामद हो गए थे और अब फतेहपुर के किशनपुर थाना क्षेत्र में नरौली किशनपुर और मझिगवां के घाटों के आसपास आधा दर्जन शव देर शाम बरामद हुए हैं। शनिवार को भी 2 शव इसी यमुना नदी के इलाके से मिलने की सूचना है। ग्रामीणों के मुताबिक आज फतेहपुर की सीमा के किशनपुर में जाल डाल कर प्रशासन ने शवों की खोजबीन शुरू कराई तो आठ डेड बॉडी हाथ लगी हैं।



सलमान रुश्दी की हालत नाजुक

न्यूयॉर्क: न्यूयॉर्क में हुए जानलेवा हमला के बाद पिछले 12 घंटे से भारतीय मूल के ब्रिटिश-अमेरिकी लेखक सलमान रुश्दी वैंटिलेटर पर हैं। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। रुश्दी के एजेंट एंड्रू यील ने बताया कि वे बिल्कुल बोल नहीं पा रहे हैं। एक आंख खो सकते हैं। उनके लिवर में भी गंभीर चोट लगी है।

साथ ही हाथों की नसें भी कट गई हैं। शुक्रवार को रुश्दी पर एक लाइव प्रोग्राम के दौरान 24 साल के हादी मातर ने अटैक किया था। मातर ने उनके गले पर चाकू से 10-15 बार हमला किया, जिसके बाद रुश्दी को एयर लिफ्ट करके एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के एक डॉक्टर ने अमेरिकी मीडिया को बताया कि रुश्दी के गले और पेट पर चाकू के कई घाव थे। अभी उनकी सर्जरी की गई है। 33 साल पहले ईरान के धार्मिक नेता ने जारी किया था फतवा सलमान मुस्लिम परम्पराओं पर लिखे उपन्यास द सैटेनिक वर्सेस को लेकर विवादों में रहे। ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्ला खोमैनी ने 1989 में उनके खिलाफ फतवा जारी किया था।

जम्मू-कश्मीर में दुनिया का सबसे ऊंचा पुल तैयार

वर्कर्स ने फहराया तिरंगा, आतिशबाजी भी की गई

जम्मू: जम्मू-कश्मीर में बन रहे दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे पुल की ओवरआर्च का काम पूरा हो गया। शनिवार को पुल का गोल्डन जॉइंट (आखिरी जोड़) लगाया गया। इसके बाद पुल बनाने का 98% काम पूरा हो गया है। इस मौके पर वर्कर्स ने तिरंगा फहराया और आतिशबाजी भी की। ब्रिज का निर्माण कोंकण रेलवे उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के तहत हुआ है। इस प्रोजेक्ट की लागत लगभग 28,000 करोड़ रुपए है। कोंकण रेलवे के चेयरमैन और एमडी संजय गुप्ता ने कहा कि इस ब्रिज को बनाने में लंबा समय लगा है। खराब मौसम, सर्दी, ऊंचाई इसे बनाने में बहुत सी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। पुल का निर्माण मुंबई स्थित बुनियादी ढांचा प्रमुख आफ्कान्स की ओर से किया गया है। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्विटर पर चिनाब ब्रिज का वीडियो शेयर की।

गोल्डन जॉइंट क्या है: गोल्डन जॉइंट सिविल इंजीनियर्स की ओर से दिया गया एक टर्म है। गोल्डन जॉइंट वह जॉइंट है, जिसमें किसी नए पाइपिंग कंपोनेंट की वेल्डिंग मौजूदा लाइन से कर दी जाती है। गोल्डन जॉइंट के जरिए हाई स्ट्रेंथ फ्रिक्शन ग्रिप बोल्ट की मदद से ब्रिज और ब्रिज ओवरआर्क डेक के दो हिस्सों को जोड़ दिया जाएगा। इसका मतलब यह नहीं है कि जॉइंट की वेल्डिंग सोने से होगी।

जम्मू-कश्मीर में 16 नए रेलवे पुल बन रहे: उप प्रबंध निदेशक गिरिधर राजगोपालन ने कहा, 'हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि गोल्डन जॉइंट के खत्म होने के बाद पुल का काम लगभग 98 प्रतिशत पूरा हो जाएगा।' चिनाब ब्रिज के अलावा कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए जम्मू-कश्मीर में 16 और भी रेलवे पुलों का निर्माण कर रहा है। सभी पुल उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना का हिस्सा हैं।

सिंगल-आर्च रेलवे ब्रिज की खासियत: दुनिया का सबसे ऊंचा सिंगल-आर्च रेलवे ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बनाया गया है। 1.3 किमी लंबे रेल ब्रिज की नदी तल से ऊंचाई 359 मीटर है।



भारतीय आपत्ति के बाद भी चीन के जासूसी जलयान को श्रीलंका प्रवेश की मिली अनुमति

कोलंबो। भारत की आपत्ति के बाद भी चीन के जासूसी जलयान को श्रीलंका में प्रवेश की अनुमति मिल गयी है। यह जलयान श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर 16 से 22 अगस्त तक रहेगा। चीन के जासूसी जलयान युआन वांग 5 बीती 11 अगस्त को श्रीलंका हंबनटोटा बंदरगाह पहुंचने वाला था। कहा गया था कि यह जलयान बंदरगाह पर ईंधन भरवाने और खाद्य आपूर्ति के लिए 11 अगस्त को लंगर डालने वाला है और फिर 17 अगस्त को रवाना हो जाएगा। यह जानकारी आने के बाद भारत ने इस पर आपत्ति जताई थी। भारत की ओर से इस आपत्ति के पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया था। इसके बाद श्रीलंकाई सरकार ने चीन के जासूसी जलयान को श्रीलंका में प्रवेश की अनुमति न देने का फैसला किया। श्रीलंकाई सरकार ने चीन सरकार से कहा है कि वह हंबनटोटा बंदरगाह पर अपने अंतरिक्ष-उपग्रह ट्रैकर जहाज युआन वांग 5 की यात्रा को तब तक के लिए टाल दे, जब तक कि दोनों सरकारों के बीच कोई और सलाह-मशविरा न हो जाए।

हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर तिरंगा रैली में शामिल हुए 7500 बच्चे

अमर शहीदों का बलिदान, कभी नहीं भूलेगा हिंदुस्तानः डा.वाचस्पति, विधायक और प्रबंधक राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने तिरंगा रैली को दिखाई हरी झंडी

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित स्वतंत्रता सप्ताह और हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विविध आयोजन जारी हैं। विद्यालयों में भी देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम, विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं और तिरंगा रैली निकाली जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को राजा कमलाकर इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाली। इस रैली में बारा तहसील क्षेत्र के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के 7500 बच्चों के साथ स्थानीय लोग भी शामिल हुए।

यह रैली जब कालेज से बाहर सड़क पर पहुंची तो हर तरफ तिरंगा थामे बच्चों की ही भीड़ नजर आ रही थी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए शंकरगढ़ एसओ मनोज कुमार सिंह पूरी टीम के साथ डटे। इसके अलावा कालेज के वालंटियर भी तिरंगा रैली के कुशल आयोजन के लिए रैली के शुरूआत से लेकर अंत तक तैनात रहे। मुख्य अतिथि बारा विधायक ने कहा कि देश को आजाद करवाने में अनगिनत देशप्रेमियों ने अपना बलिदान दिया है। यह आजादी करोड़ों भारतीयों द्वारा अपने सर्वस्व समर्पित करने का परिणाम है। आजादी के लिए अपना सब कुछ कुर्बान करने वाले अमर शहीदों, बलिदानियों को यह देश और देशवासी हमेशा याद रखेंगे। उनका यह बलिदान हम सभी को देख के लिए अपना जीवन समर्पित करने की प्रेरणा देता रहेगा। इसके पूर्व तिरंगा रैली का शुभारंभ राजा कमलाकर इंटर कालेज के गेट पर किया गया। यहां पर बारा विधायक डॉ वाचस्पति, प्रबंधक राजा महेंद्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह समेत अन्य अतिथियों ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद देशभक्ति के नारे लगाते हुए बच्चों का यह जुलूस कस्बे किविभिन्न मार्गों से होते हुए वापस कालेज पहुंचा।

प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में राजा कमलाकर इंटर कालेज शंकरगढ़ के तत्वावधान में विशाल जन जागरुकता तिरंगा रैली निकाली गई। इसमें तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के कुल 7500 छात्र-छात्राओं व आमजन ने सहभागिता की। बताया कि स्वतंत्रता सप्ताह के तहत आगे भी कार्यक्रम होते रहेंगे। तिरंगा रैली की अगुवाई कालेज के स्काउट दल ने बैंडबाजे के साथ किया। रैली के रास्तेभर स्काउट एंड गाइड का बैंड दल आगे-आगे रहा। इस आयोजन में बारा विधायक के पीआरओ उमेश शुक्ला, पूर्व मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष अनूप केशरवानी, शिक्षक रामबोध खरवार सीपी सिंह, अजय कुमार,ओपी धारिया, बृजेश कुमार यादव, पन्नेलाल, सुरेंद्र, प्रदीप सिंह, अनुभव सिंह, राम सिंह, सिद्धार्थ तिवारी, रणवीर सिंह, शिवाकांत पाल, योगेंद्र कुमार पांडेय, लाडली वर्मा, शैल त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था के लिए एसओ मनोज कुमार सिंह, उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह के साथ तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

दम टूटने तक गूंजता रहा इंकलाब जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद...

राजा कमलाकर इंटर कालेज के बच्चों ने प्रस्तुत किए विभिन्न कार्यक्रम

शंकरगढ़। राजा कमलाकर इंटर कालेज का खेल मैदान परिसर शनिवार को छात्र-छात्राओं की भीड़ से अटा पड़ा था। रंग-बिरंगे पोशाक में बच्चे अपनी-अपनी कतार में बैठे थे। दूसरी तरफ एक मंच पर फांसी के तीन फंदे लटक रहे थे। उसके पीछे कैदियों की वेशभूषा में तीन युवा फांसी को चूमने और देश के लिए अपना सर्वस्व न्?ोछावर करने के लिए बेताब दिख रहे थे। जैसे ही बगल खड़े अंग्रेज अफसर ने इशारा किया, तीनों युवाओं को सैनिकों ने फांसी के फंदे तक पहुंचाया। इसके बाद तीनों युवाओं ने फांसी के फंदे को चूमा और देश के लिए अपनी शहादत देने को तैयार हो गए। अंग्रेज सिपाहियों ने तीनों का हाथ बांधा और गले में फांसी का फंदा डाल दिया। गले में फांसी का फंदा पड़ते ही तीनों युवा इंकलाब जिंदाबाद का नारा लगाने लगे। इशारा मिलने पर जल्लाद ने लीवर खींचा और तीनों युवा आजादी की राह पर कुर्बान हो गए। फिजा में इंकलाब जिंदाबाद का नारा तब तक गूंजता रहा, जब तक तीनों युवाओं का दम नहीं टूट गया। 23 मार्च, 1931 को देश के लिए कुर्बान हुए शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत का सजीव मंचन देख राजा कमलाकर इंटर कालेज के खेल मैदान पर बैठे लोग भावुक हो गए। पूरा परिसर इंकलाब जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता सप्ताह के आयोजन के क्रम में आज देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई सहित अन्य अमर बलिदानियों के जीवन से जुड़े प्रसंगों का सजीव मंचन कर लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार किया। बीच-बीच में देशभक्ति गीत -कर चले हम फिदा जान-ए-तन साथियों, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों और जो शहीद हुए हैं उनकी, जरा याद करो कुबार्नी... से शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया जाता रहा।

नैनी में एसपीओ टीम ने निकाली तिरंगा यात्रा

नैनी। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हमारी आन बान शान तिरंगा यात्रा तथा झंडा रैली निकालकर राष्ट्र धर्म के प्रति कर्तव्य पालन का आवाहन किया गया तिरंगा रैली नैनी रेलवे क्रॉसिंग से उठकर नैनी स्टेशन डाकखाना कसाई मोहल्ला होते हुए। एसपीओ टीम प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा सहायक मिडिया प्रभारी कैफी सुल्तान एरिया इंचार्ज रामजी जायसवाल सुरेंद गुप्ता संजीव राजू साहनी विशाल टिंकू जायसवाल धनराज पटेल शुभम प्रजापति इकराम उल्ला अश्विनी शर्मा पंकज मलिक राजेश राय सुशील शर्मा प्रिंस आदि लोग मौजूद रहे।

आजादी के महोत्सव पर गरीबों तक सुविधाएं पहुंचाएं : सीडीओ

तिरंगा यात्रा को एसपी यमुनापार एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी, पनासा गांव में भव्य तिरंगा यात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

करछना। आजादी के इस पर्व पर सभी सरकारी संस्थाएं और कर्मचारी गरीबों तक जरूरी सुविधाएं अवश्य पहुंचाएं! उनके घर पर झंडा और मिठाई देकर उन्हें भी इस अभियान में शामिल करें! सरकार की ओर से आने वाली योजनाएं १०० फीसदी गरीबों के लिए हो! उक्त बातें पनासा में तिरंगा यात्रा अभियान की शुरूआत करते हुए शनिवार को सीडीओ शीपू गिरि ने कही! एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने कहा कि कानून की नजर में गरीब और अमीर सभी बराबर हैं, यही आजादी की सबसे बड़ी उपलब्धि है! एसडीएम रेनू सिंह ने कहा कि तिरंगा लहराने में कोई पीछे न छूटे, हर घर तिरंगा अभियान तभी सफल होगा! कार्यक्रम में तहसीलदार रमेश पांडे, बीडीओ देव कुमार, सीडीपीओ आनंद कुमार, बीईओ अनिल त्रिपाठी, मत्स्य सीओ इरफानुल्लाह, एडीओ पंचायत विवेक मिश्र, थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह, अजीत गुप्ता, रामबहादुर, प्रधान नागेंद्र पांडे, सचिव महेश कुमार, प्रधानाचार्य अंजना सिंह, संध्या, बसंत कुमार, मनीष शुक्ला, भोला गौतम, देशराज सिंह, सोनू यादव, रणजीत सोनकर, बबलू यादव समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे!

न्यूज झरोखा

घर पर तिरंगा फहराने के साथ वृक्षारोपण करके मनायें आजादी का अमृत महोत्सव : अभिषेक सिंह पटेल

जसरा। जीवन के लिए निर्मल जल, वायु के साथ स्वच्छ पर्यावरण की आवश्यकता हैं। बिना अच्छे पर्यावरण के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती हैं। संतुलित पर्यावरण के लिए प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के साथ अंधाधुंध दोहन को रोकना पड़ेगा उक्त बातें पर्यावरणविद एवम केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल जसरा के दर्जनों गावों मे रक्षाबंधन के अवसर पर वृक्षारोपण एवम ग्रामीणों को पौधा भेंट करने के दौरान व्यक्त किये। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि हम आजादी के 75वीं वर्षगाँठ मनाने जा रहें हैं। आजादी के इस अमृत महोत्सव पर देश की एकता, अखण्डता के साथ -साथ हमें प्रकृति के आदर के साथ जल, जंगल, जमीन के रक्षा का भी संकल्प लेना पड़ेगा तभी निकट भविष्य मे भावी पीढ़ियों का जीवन सुखमय होगा। इस अवसर पर हरिओम विश्वकर्मा, सोनकरन विश्वकर्मा, सौरभ विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

भगत सिंह के जीवन पर छात्रों ने प्रस्तुत किये एकांकी

जसरा। श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सरदार भगत सिंह जीवन पर स्कूल के छात्रों ने एकांकी प्रस्तुत किया। इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य डा०योगेन्द्र सिंह ने झंडारोहण करके राष्ट्र गान व झंडा गान के साथ अमर शहीदों के नारे लगवाए। प्रधानाचार्य डा०सिंह ने बच्चों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी आजादी अमर शहीदों के खून पसीने से मिली है। पूरा देश उन अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहा है। विद्यालय के बच्चों ने एकांकी कार्यक्रम का संचालन क रामलखन प्रजापति ने किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य सुनील साहू,कुलभूषण मिश्र, अजय मिश्र, विकास केसरी, कुसुम शुक्ला,डा० सुनीता, शिल्पा यादव,दयाशंकर सिंह, चन्द्रशेखर,देवेन्द्र श्यामजी केसरवानी सहित सैकडों छात्र मौजूद रहे।

जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल ने लगाया हर घर तिरंगा

करछना। 75 वें स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत हर घर तिरंगा" अभियान को जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल घोड़ेडीह भीरपुर करछना प्रयागराज के छात्र/छात्राओं ने घोडेडीह,बरम की मोरी व भीरपुर में घर-घर जाकर हिन्दुस्तान की शान "तिरंगा झण्डा" घरों पर लगाया। जिसकी शुरूआत सुबह 9 बजे से की गई। सभी छात्रों ने क्रमबद्ध तरीके से तिरंगा यात्रा निकाली।तिरंगा यात्रा बरम की मोरी,घोडेडीह व भीरपुर से होते हुवे विद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई।हर घर तिरंगा अभियान" के मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक डॉ. आर. पी.पाण्डेय, वुमेंस वेलफेयर एसोसियशन की अध्यक्षा श्रीमती कुसुम पाण्डेय, संरक्षक डॉ के के शुक्ला, प्रधानाचार्या श्रीमती अंकिता मिश्रा ,शिक्षकगण,गैर शैक्षणिक कर्मचारी व विद्यालय के समस्त छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रधान के नेतृत्व में छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा

करछना। प्राथमिक विद्यालय कचरी में ग्राम प्रधान धर्म राज सिंह और विद्यालय के प्रधानाचार्य व सहायक अध्यापक साथ प्रधानाध्यापिका रानी गुप्ता सहायक अध्यापिका सीमा पटेल शिक्षामित्र पंचायत सहायक संजय पटेल सफाई कर्मचारी राजाराम गांव के साथ विद्यालय प्रांगण से लेकर गांव के बस्ती मोहल्ले आदि जगहों पर घर-घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें गांव के कई गणमान्य लोग शामिल हैं।

ग्राम पंचायत टिकरी कौंधियारा में निकाली गई तिरंगा यात्रा

करछना। 75वे स्वतंत्रता दिवसके शुभ अवसर अमृत महोत्सव के पावन राष्ट्रीय पर्व पर हर घर तिरंगा वितरण एवम् तिरंगा यात्रा रैली को निकालते हुए । ग्राम प्रधान टिकरी श्रीमती सुन्दरी पूर्व प्रधान राम बाबू विश्वकर्मा पं 0सहायक अर्निका निगम सफाई कर्मचारी राम लखन प्रदीप कुमार आँगनबाड़ी आशा बहू रोजगार सेवक नेहा पांडेय एवम् विद्यालय के सभी सम्मानित शिक्षक गण व छात्रों द्वारा किया तिरंगा यात्रा में गांव के महिलाएं और गणमान्य लोग भी शामिल हुए।

ग्राम पंचायत तरौल में प्रधान ने बच्चों संग निकाली तिरंगा यात्रा

करछना। ग्राम पंचायत तरौल विकासखंड करछना जनपद प्रयागराज पूर्व प्रधान रमेश चंद्र मिश्र ने बच्चों के साथ आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में गांव के गलियारों में प्रभात फेरी में भाग लिया जिसमें गांव के गणमान्य लोग महिलाएं वह विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा में सहभागिता की।

प्रधान कौशलेस यादव के नेतृत्व में छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा

करछना। विकासखंड कौंधियारा के पवंरी प्राथमिक विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों शिक्षिकाओं संघ प्रधान कौशलेस यादव ने आजादी अमृत महोत्सव के कार्यक्रम के दौरान गांव में गलियों में बाजे गाजे के साथ तिरंगा यात्रा निकालकर जय घोष किया जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक शिक्षिकाएं व गणमान्य लोग शामिल है हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नागरिकों से अपील की गई।

छात्रों ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

नैनी। शंकरढाल स्थित संगम मॉर्डन स्कूल से आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यालय प्रमुख रवींद्र कुमार शर्मा उर्फ डब्बल सर के नेतृत्व में सैकड़ो छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय का उद्घोष किया। तिरंगा यात्रा नैनी शंकरढाल से प्रारंभ होकर नैनी बाजार, स्टेशन रोड, हनुमान नगर, मेवालाल की बगिया, सब्जी मंडी होते हुए स्कूल परिसर में समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में शशि शर्मा, राकेश शर्मा उर्फ बाबू साहब, अतुल, चुलबुल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

हर-घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

लालापुर। हर-घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर शनिवार को मनकामेश्वर मण्डल अध्यक्ष ने कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मनकामेश्वर के शैलेन्द्र पाण्डेय, शतीश शुक्ला, शंकर लाल पाण्डेय, शेष, अरविन्द पाण्डेय, होरी लाल और काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हर-घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर शनिवार को मनकामेश्वर मण्डल के वंदना सिंह भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे. इस दौरान आगामी 13 अगस्त और 15 अगस्त तक होने वाले घर-घर तिरंगा कार्यक्रम पर भाजपा ने इसे अपने तरीके से मनाने का निर्णय लिया।

झूंसी प्रयागराज। महावीर इस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बच्चो ने बनाई मानव श्रखला

आजादी का अमृत महोत्सव शीतला हॉस्पिटल के बैनर तले निकली तिरंगा यात्रा

सिरसा। मेजा क्षेत्र रामनगर बाजार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शीतला हॉस्पिटल रामनगर के निर्देशक धीरज श्रीवास्तव के अगुवाई में रामननगर बाजार होते हुए चिरैया मोड़ चौराहा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने ध्वज हाथ में लेकर भारत माता की जय एवं वंदे मातरम का उद्घोष करते हुए चल रहे थे। तिरंगा यात्रा में सिरसा पुलिस चौकी इंचार्ज जगदीश कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान देने वाले नायकों के उच्च आदर्श को अपने हृदय में संजोए और उनसे प्रेरणा प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे। वही शीतला हॉस्पिटल के निर्देशक धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जनभागीदारी का प्रोत्साहित किया जा रहा है 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहराए यही जागरूकता रैली का प्रमुख उद्देश्य। तिरंगा यात्रा में शामिल में मुख्य रूप से प्रेमानद मिश्रा, सूरज शुक्ला, सोनू सिंह पटेल, सत्य प्रकाश पटेल संदीप यादव ,गणेश ,डॉ मानिक सिंह यादव, अभिषेक यादव ,संदीप यादव आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

भारत माता की जय के नारे के साथ बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

सहसों। क्षेत्र में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ भारत माता की जय का नारा लगाते तिरंगा यात्रा निकाली गई। ग्राम सभा बभनकुइयां में आजादी के 75 वें वर्ष को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान 'हर घर तिरंगा' और 'तिरंगा मेरा अभिमान' भी महोत्सव के तहत तिरंगा यात्रा के क्रम में आज प्राथमिक विद्यालय बभनकुइयां के बच्चों द्वारा झण्डा गीत एवं देश भक्ति गीत के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। ततपश्चात बच्चों ने विद्यालय में आयोजित रंगोली एवं कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक अजीत सिंह द्वारा बच्चों को तिरंगे के महत्व को बताया कि राष्ट्रीय ध्वज किसी भी देश का ऐसा प्रतीक होता है जिसके प्रति उस देश के लोग सम्मान और समर्पण का भाव रखते हैं। राष्ट्रीय ध्वज दुनियाभर में हमारे देश की पहचान का प्रतिनिधित्व करता है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज देश के लिए दिए गए बलिदानों का प्रतीक है। कार्यकम में ग्राम प्रधान अशोक कुमार, प्रधानाध्यापक विन्देश्वरी प्रसाद,शालिनी त्रिपाठी साधना सिंह एवं आदि अभिभावकगण शामिल हुए।

मऊआइमा में सपा और भाजपा ने अलग अलग तिरंगा यात्रा निकाली

मऊआइमा। शनिवार को सपा ने कस्बा के नाटी इमली से मऊआइमा विकास खंड कार्यालय तक तिरंगा यात्रा निकाली। जिसकी अगुवाई सोरांव की सपा विधायक गीता पासी ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मेराज आरिफ, नूर उद्दीन सैफी ,विधासभा अध्यक्ष शमीम उद्दीन उर्फ बच्चा ,सुभाष यादव ,ब्लाक प्रमुख प्रति निधि इमतियाज समी ,सरताज, सददम हुसैन ,इन्द्रेश चौहान ,नियाज उद्दीन ,मोहम्मद कैसर ,मुजाहिद ,जवाहरलाल यादव ,संजय पटेल ,चन्द्रबलि पटेल आदि बडी संख्या में सपाई मौजूद थे । इसी प्रकार भाजपा ने तिरंगा यात्रा के संयोजक डॉ प्रकाश पटेल,निमिष खत्री,आशीष केसरवानी,शारदा प्रसाद शुक्ला,रामसुंदर मिश्रा, आसमा बानो,राम पलट पटेल,दिवाकर मिश्रा,राहुल सिंह,आनंद शुक्ला,दीपक मिश्रा,विजय गौतम,जयप्रकाश पटेल आदि सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे उधर हरिसेनगंज में ग्राम प्रधान प्रमिला पटेल के नेतृत्व में बी आर सी के सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी तिरंगा यात्रा निकाले। जिसमें अंकेश पटेल ,अजय पटेल आदि बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

चेतना विकास बालिका विद्यालय ने दुर्गम पहाड़ी पर निकाली तिरंगा यात्रा

लेडियारी। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर,देश में अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर पूरे देश के बच्चे, बूढ़े, युवा वर्ग सभी इस समय देश प्रेम में सराबोर है। इस अवसर पर चेतना विकास बालिका विद्यालय के बच्चों ने दुर्गम पहाड़ी पर निकाली तिरंगा यात्रा रैली।

भारद्वाज गुरुकुलम के बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकालकर की घर घर तिरंगा लगाने की अपील

फूलपुर। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर देश द्वारा मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव को भव्यता के साथ मनाने के लिए शनिवार को भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान में बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। संस्थान के प्रबंधक व संचालक विनय उपाध्याय के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चों ने हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति नारे के साथ तिरंगे को सलामी दी।इस दौरान बच्चों ने हर घर तिरंगा लगाने की अपील की। विद्यालय के प्रबंधक विनय उपाध्यक्ष ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए वीर जवानों द्वारा दिए गए बलिदानों पर विस्तृत चर्चा करते हुए वीर सपूतों को नमन किया। उन्होंने कहा कि आज देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है जो हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में राजन कुमार, श्वेता सिंह, संयोगिता सिंह,रेनू चौरसिया,कुमारी महिमा सिंह, प्राची श्रीवास्तव, शहनाज बेगम, सरिता गुप्ता, संजय शर्मा, सुमित्रा गौतम के साथ ही अन्य शिक्षक व बच्चे शामिल रहे।

विधायक पीयूष रंजन चनैनी अमृत सरोवर पर हरिशंकरी पौध का किया रोपण

करछना। विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत चेनानी में अमृत सरोवर तालाब पर विधायक करछना पियूष रंजन निषाद व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी वन क्षेत्राधिकारी रजनीश परमार्थ, दिलीप बाजपेई,आर पी सोनकर, पूजा सिंह वन रक्षक, प्रधान पुरैनी सुरेश पांडे व भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडे के नेतृत्व में अमृत सरोवर तालाब पर हरिशंकरी वृक्ष का पौधरोपण किया गया इस मौके पर सत प्रकाश निषाद कार्तिकेय कुशवाहा प्रधान धीतेश तिवारी के अलावा बड़ी संख्या में गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

भाजयुमो धनूपुर मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

धनूपुर। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा धनूपुर मंडल अध्यक्ष अनुराग पांडेय के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे। रैली तिलकठ बाजार से पिपरी पंचायत भवन तक समाप्त हुई।जिसमें मुख्य रुप से संतोष कुशवाहा जिला मंत्री संतोष शुक्ला, कार्यक्रम प्रभारी जिला नीति एवं शोध प्रमुख सुमित तिवारी, मंडल अध्यक्ष भाजपा धनूपुर विजय नाथ बिंद, आशीष त्रिपाठी, राधेमोहन पांडेय, वीरेंद्र मौर्या, राकेश दुबे, सीबी यादव, वकील पांडेय, दुर्गेश शुक्ला, प्रेम सागर साहू, शुभम तिवारी, शिवा पांडेय, पंकज पांडेय, सूरज दुबे, सौरभ तिवारी, शुभम पांडेय, सौरभ उपाध्याय, राजेश यादव, मुख्तार अली उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी अमित पांडेय ने किया मंडल महामंत्री युवा मोर्चा प्रमिल मिश्रा ने आए हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

दिल्ली से चला युवक जंघई नहीं पहुंचा परिजन हैरान परेशान

जंघई। कथरीपुर, गरियांव बाजार निवासी सुरेश चंद्र शुक्ला का पुत्र सौम्य शुक्ला देव जो कि अपने परिजनों के संग दिल्ली में रहता है। शुक्रवार को सुहैलदेव एक्सप्रेस से आनंद विहार टर्मिनल से जंघई जंक्शन के लिए निकला शनिवार भोर में पानी लेने प्रयागराज जंक्शन पर उतरा इतने में ट्रेन चल पड़ी दिव ने अपने परिजनों को दूसरे के फोन से फोन करके बताया कि सुहैलदेव एक्सप्रेस छूट गई है। परिजनों के अनुसार देव बुंदेलखंड एक्सप्रेस पकड़ कर जंघई के लिए चला लेकिन जंघई अभी तक नहीं पहुंचा है जिसके कारण परिजन हैरान परेशान होकर आरपीएफ जीआरपी प्रयागराज, जंघई आदि जगहों पर खोजबीन किया लेकिन पता नहीं चला जिससे परिजनों को अत्यंत कष्ट हो रहा है।

तिरंगा यात्रा में शामिल हुईं स्मृति ईरानी हेलमेट पहन खुद ही चलाई स्कूटी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को प्रादेशिक रक्षा दल की ओर से आयोजित तिरंगा यात्रा में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने हेलमेट पहनकर खुद ही स्कूटी चलाई। तिरंगा रैली में वह सबसे आगे चल रहीं थीं। प्रयागराज पहुंचने के बाद स्मृति सबसे पहले पत्थर गिरजा घर पहुंचीं। यहां उन्हें चार पहिया वाहन से ही तिरंगा यात्रा में शिरकत करनी थी, लेकिन उन्होंने वहां पहुंचते ही कहा कि वह स्कूटी से चलेंगी। उनके साथ दूसरी स्कूटी पर सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी और फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल भी तिरंगा लिए यात्रा में शामिल हो गईं। सुभाष चौराहा पहुंचने पर स्मृति ईरानी ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को नमन किया।यात्रा में पीआरडी के जवान, स्काउट, जिला पंचायतराज विभाग के कर्मचारी व बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। तिरंगा यात्रा महात्मा गांधी मार्ग, हनुमान मंदिर चौराहा, हिंदुस्तान एकेडमी, हिंदू हॉस्टल चौराहा होते हुए आजाद पार्क पर समापन हुई। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, सुबोध सिंह, अभिषेक शुक्ला, विजय पुर्सवानी, शिखा रस्तोगी, राजेश केसरवानी आदि की मौजूदगी रही।

बिना नंबर की स्कूटी पर बैठने से किया इनकार

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने स्कूटी पर बैठने से पहले हेलमेट मांगा। पहले वह एक नीली रंग की स्कूटी में बैठीं। इस बीच भाजपा नेता अभिषेक शुक्ला ने ध्यान दिलाया कि स्कूटी में नंबर नहीं है। स्मृति उससे उतर गईं। बाद में वहां एक अन्य महिला ने उन्हें अपनी स्कूटी दी और वह खुद उनके पीछे बैठ गई। इस दौरान स्मृति ने दूसरों को भी हिदायत दी कि बिना हेलमेट के रैली में न शामिल हों।

डीजे और बैंड बाजे के साथ कोरांव में निकाली गई तिरंगा यात्रा

रत्योरा। शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा यात्रा अभियान बैंड बाजे के साथ निकाली गई। तिरंगा यात्रा में शामिल रहे कोरांव भाजपा विधायक राजमणि कोल ने कहा कि देश की स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ इतिहास के पन्नों में सदैव के लिए अमर रहेगी। एक अनोखे व अनूठे अंदाज एवं जोश व उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा निकाल कर देश की आजादी में शहीद हुए अमर सपूतों एवं राष्ट्र नायकों का सम्मान किया जा रहा है। उन्हें सदैव याद रखने की प्रेरणा दी जा रही है। बड़ोखर मंडल में तिरंगा यात्रा मंडल महामंत्री अनिल मिश्र के नेतृत्व में निकाली गई बड़ोखर मंडल के तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कालिकन धाम मंदिर से किया गया। जिसके बाद यात्रा गाढ़ा, देवघाट होते हुए महुली बाजार में प्रभात फेरी कर कोरांव बाजार पहुंची। यात्रा में विधायक राजमणि कौल भी शामिल होकर कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया। इसी प्रकार कोरांव मंडल में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई इसकी शुरुआत तरांव गांव में स्थित शुक्ला पेट्रोल पंप से शुरू होकर कोरांव मार्केट होते हुए पत्रकार चौराहा पर समापन किया गया। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल एवं क्षेत्र के सम्मानित लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे। भव्य तरीके से निकाली गई।

मठ में मचा घमासान : महंत नरेंद्र गिरि की मौत की सूचना देने वाले अमर गिरि बाघम्बरी मठ से हुए निष्कासित

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की बाघम्बरी गद्दी मठ में संदिग्ध मौत की पुलिस को सूचना देने वाले बड़े हनुमान मंदिर के व्यवस्थापक स्वामी अमर गिरि को मठ से निष्कासित कर दिया गया है। अमर गिरि से मंदिर और मठ की सभी जिम्मेदारियां छीन ली गई हैं। निष्कासन की यह कार्रवाई नए महंत बलवीर गिरि ने की है। इसी के साथ महंत की मौत पर मठ के भीतर की खींचतान बाहर आ गई है।संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर के व्यवस्थापक अमर गिरि निष्कासन के बाद मंदिर और मठ से बाहर हो गए हैं। महंत नरेंद्र गिरि ने आनंद गिरि को बड़े हनुमान मंदिर की व्यवस्था से हटाने के बाद अमर गिरि को वहां की जिम्मेदारी सौंपी थी। इस बीच महंत की संदिग्ध मौत के बाद निरंजनी अखाड़े के बाघम्बरी गद्दी मठ और बड़े हनुमान मंदिर के महंत बने बलवीर गिरि से अमर गिरि के बीच खटास पैदा हो गई। पता चला है कि महंत की मौत के मामले में आरोपी बनाए जाने के बाद नैनी सेंट्रल जेल में बंद आनंद गिरि से अमर गिरि की नजदीकियों की वजह से बलवीर गिरि ने उनसे दूरी बना ली और मठ से हटा दिया है। पता चला है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में अमर गिरि ने हाल में ही पांच पेज का हलफनामा पेश करते हुए कहा है कि आनंद गिरि के खिलाफ उन्होंने लिखित तहरीर नहीं दी थी।अलबत्ता उन्होंने पवन महाराज के साथ जार्जटाउन थाने में जाकर सिर्फ महंत की मौत होने की मौखिक सूचना दी थी। अमर गिरि के इस हलफनामे के बाद केस कमजोर होने की बात कही जाने लगी है। साथ ही बलवीर गिरि के विरोधी आनंद गिरि पर लगे आरोपों की हवा निकलने के भी कयास लगाए जाने लगे हैं।

अमर गिरि को सताने लगा सुरक्षा का खतरा, फोन बंद : मठ से निष्कासन के बाद अमर गिरि और पवन महाराज को सुरक्षा का खतरा सताने लगा है। कोर्ट में हलफनामा दाखिल करने के बाद अमर गिरि पर दबाव पड़ने और धमकियां मिलने की भी बात सामने आ रही है। इसके बाद अमर गिरि ने अपना मोबाइल बंद कर लिया है।

महंत नरेंद्र गिरि के भरोसेमंदों में शामिल रहे हैं अमर गिरि : स्वामी अमर गिरि अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि के भरोसेमंदों में गिने जाते रहे हैं। अमर गिरि की निष्ठा और समर्पण की वजह से ही उनको आनंद गिरि की जगह हनुमान मंदिर के व्यवस्थापक की जिम्मेदारी दी गई थी। महंत नरेंद्र गिरि की मौत के दिन भी सबसे पहले बड़े हनुमान मंदिर से स्वामी अमर गिरि को ही बुलाया गया था। अमर गिरि ही सबसे पहले मठ के उस आगंतुक कक्ष में घुसे थे, जिसमें महंत नरेंद्र गिरि का फंदे से लटकता हुआ शव देखा गया था।

महंत बलवीर गिरि अचानक हरिद्वार रवाना : बाघंबरी मठ में अंदरूनी खींचतान तेज होने के बाद महंत बलवीर गिरि हरिद्वार चले गए हैं। मठ के भीतर इस घटनाक्रम को लेकर कोई कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। पुजारी से लेकर सेवादार तक के होंठ सिले हुए हैं। बलबीर गिरि ने अमर उजाला को बताया कि वह जरूरी काम से हरिद्वार आ गए हैं। जल्द ही मठ पहुंचकर इस मसले पर बात करेंगे। अमर गिरि को बड़े हनुमान मंदिर के व्यवस्थापन समेत अन्य सभी जिम्मेदारियों से हटा दिया गया है। इधर उनकी गतिविधियां ठीक नहीं चल रही थीं। मठ और मंदिर के हित में काम न करने की उनकी कई शिकायतें मिलने पर उनको निष्कासित किया गया है। **–महंत बलवीर गिरि, बाघंबरी गद्दी मठ और बड़े हनुमान मंदिर।**

जनपद न्यायालय इलाहाबाद व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया आयोजन

जनपद न्यायालय में मा0 जनपद न्यायधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दीप प्रज्वलित करके लोक अदालत का किया गया शुभारम्भ, राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 127802 वादों का किया गया निस्तारण

प्रयागराज। आजादी के अमृत महोत्सव आयोजन के तहत माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा जनपद न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया ।उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद के तत्वाधान में जनपद न्यायालय इलाहाबाद व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद श्री नलिन कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव आयोजन के तहत माननीय जनपद न्यायाधीश श्री नलिन कुमार श्रीवास्तव द्वारा जनपद न्यायालय की परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 127802 वादों का निस्तारण किया गया। फौजदारी वादों के कुल 14272 वादों को निस्तारित किया गया। राजस्व वादों के कुल 81716 वादों को निस्तारित किया गया। पारिवारिक न्यायालय द्वारा 50 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण द्वारा 90 वाद निस्तारित करते हुए कुल रु. 47982000 प्रतिकार प्रदान किए गए। विद्युत के 120 मामलों का निस्तारण किया गया। रेलवे मजिस्ट्रेट श्री उत्सव गौरव राज द्वारा 1197 वादों को निस्तारित किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री हरेंद्र नाथ द्वारा कुल 1167 वादों का निस्तारण किया गया। बैंक के फ्री लिटिगेशन के 1108 मामले निस्तारित किए गए। यह जानकारी डॉक्टर लकी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद द्वारा दी गई।

लोक गायक उदय चन्द्र परदेशी ने गाया देशभक्ति गीत

प्रयागराज । आजादी का अमृत महोत्सव आयोजन की श्रृंखला में स्वतंत्रता सप्ताह एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम के तीसरे दिन जिला पंचायत सभागार में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राधा कांत ओझा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह व अन्य मा0 जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में श्री उदय चन्द्र परदेशी द्वारा देशभक्ति से परिपूर्ण लोकगीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, सहित अन्य अधिकारीगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

आजादी के अमृत महोत्सव पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

सोरांव। सविता ज्ञान विद्या मंदिर खरगापुर विकासखंड मऊआइमा जनपद प्रयागराज में शनिवार को अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा 15 अगस्त के उपलक्ष में विद्यालय के प्रबंधक राजेश कुमार श्रीवास्तव एवं संरक्षक विनय कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापक अतुल कुमार श्रीवास्तव, उप प्रधानाध्यापक सूबेदार मौर्या के अगुवाई में किया गया है। जिसमें विद्यालय के समस्त अध्यापकगण जैसे संतोष कुमार द्विवेदी, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, विजय बहादुर पटेल, ओम प्रकाश, अनुराग पाल, शुभम कुमार विश्वकर्मा, धीरज कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव, विवेक श्रीवास्तव, रेनू यादव, आरती यादव, संग स्कूल के बच्चे एवं ग्रामीण मानिक चन्द्र वैश्य, हलीम, धर्मेन्द्र मौर्य, विक्रम आदि लोग भी मौजूद रहे।

आजादी के अमृत महोत्सव में पुस्तक मेले का आयोजन

करछना। शनिवार को बृज मंगल सिंह इंटर कालेज भव्य तिरंगा यात्रा निकाली।इस दौरान भारत मां के जयकारे से रामपुर बाजार गूंज उठा। तिरंगा यात्रा के पूर्व प्रार्थना सभा स्थल पर प्रधानाचार्य मनीष तिवारी और शिक्षकों ने आजादी के क्रांतिकारियों के जीवन परिचय से बच्चों को जोड़ते हुए देश प्रेम की अलख जगाई। उधर इसी क्रम में लघु उद्धोग की निदेशक विभा मिश्रा ने सभागार में जूनियर वर्ग की छात्राओं को अच्छे स्वास्थ के प्रति प्रेरित करते हुए स्वस्थ नागरिक बनकर देश के नव निर्माण का पाठ पढ़ाया।अमृत महोत्सव के क्रम में विद्यालय में आगामी 16,17 अगस्त को विशाल पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान गर्ग ब्रदर्स द्वारा कई प्रकाशनों से जुड़ी पौराणिक, ऐतिहासिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक,लोक विधाओं पराधारित, कविता, कहानियों, स्वाधीनता आंदोलन, पत्रकारिता भारत निर्माण, बाल जगत मनोविज्ञान, भक्ति साहित्य, मानवाधिकार,उपन्यास, शब्दकोश प्रश्नोत्तरी श्रृंखला, कंप्यूटर लेख, ज्योतिष,इंटरनेट सहित विभिन्न वर्ग से जुडी.चर्चित लेखकों की पुस्तकें मौजूद रहेगी।

सीओ के साथ पुलिस के जवानों ने निकाली तिरंगा यात्रा

फूलपुर। आजादी के अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा अभियान के अवसर पर शनिवार को फूलपुर कोतवाली के क्षेत्राधिकारी रामसागर व थानाध्यक्ष फूलपुर अमित कुमार राय की अगुवाई में फूलपुर कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में सराय इनायत, थरवई व बहरिया के इंस्पेक्टर भी पुलिस के जवानों के साथ शामिल रहे। पुलिस के जवानों ने हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति गीतों व नारो के साथ तिरंगे को सलामी दी। क्षेत्राधिकारी रामसागर ने हर घर तिरंगा लगाने की अपील करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाना हम सबके सौभाग्य की बात है।

हर घर तिरंगा अभियान में सांसद रीता जोशी ने वितरित किया तिरंगा

जसरा। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज प्रयागराज की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने जसरा में तिरंगा वितरण करते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बंसी लाल जायसवाल उर्फ कप्तान साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं उन्होंने कहा कि हम लोग अपने तिरंगे में गर्व ही नहीं करते अपितु लोकतंत्र में फक्र भी करते हैं। वहीं 140 करोड़ लोग एक साथ मिलकर इस देश को आगे बढ़ा रहे हैं। वहीं लाखों परिवार आजादी के लिए नष्ट हुए। जो खून उनका माटी में मिला है वह आवाज उनकी हवा में गूंजी और भारत को आजाद किया है। वहीं सेनानी पुत्र आनंद जायसवाल के द्वारा बताया गया कि यह आजादी हम लोगों ने सदियों लड़ा है। अपने देश में स्वतंत्रता के आंदोलन में कूदने वाले हर शहीद और सेनानी परिवार ने जो योगदान दिया है आज उनको याद करने का दिन आया है। उन परिवारों के साथ एक जुड़ाव और देश के 75 वर्ष के सफर को हम लोगों के बीच में रख रहे हैं ।इस अवसर पर मुख्य रूप से संत प्रसाद पांडेय , हरी राम त्रिपाठी , अभिषेक शुक्ला , जगत नारायण शुक्ला , चंद्र प्रकाश त्रिपाठी , गया प्रसाद त्रिपाठी ,आशीष सोनकर ,सचिन श्रीवास्तव , अनिल कुमार मिश्रा , शंकर लाल मधुकर , विशेश्वर नाथ सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

सपा ब्लॉक प्रमुख मो. मुजफ्फर की पांच करोड़ की संपत्ति कुर्क, गैंगस्टर के तहत हुई कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। कुख्यात गोतस्कर गिरोह के सरगना व कौड़िहार से सपा ब्लॉक प्रमुख मो. मुजफ्फर की पांच करोड़ मूल्य की संपत्ति कुर्क कर दी गई। खुल्दाबाद के बक्शी बाजार मोहल्ले में स्थित बेशकीमती जमीन पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस अब उसकी अन्य संपत्तियों का पता लगाने में जुटी है। नवाबगंज के चफरी का रहने वाला मुजफ्फर वर्तमान में जेल में निरुद्ध भी है। उसके खिलाफ पिछले साल पूरामुफ्ती में गैंगस्टर के तहत केस दर्ज किया गया था। इस मामले में 13 अन्य भी आरोपी बनाए गए थे। इसी मामले में कुर्की की कार्रवाई की गई। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह पूरामुफ्ती, धूमनगंज व खुल्दाबाद की फोर्स लेकर शनिवार शाम पांच बजे बक्शी बाजार स्थित मुजफ्फर की जमीन पर पहुंचे। 404 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले इस भूखंड के कुछ हिस्सों में निर्माण भी किया गया था। मुनादी कराने के बाद पुलिस ने कार्रवाई से संबंधित बोर्ड भूखंड पर लगवा दिया। मुजफ्फर पूरामुफ्ती थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस के मुताबिक, वह अंतरजनपदीय गोतस्कर गिरोह का सरगना है। उस पर प्रयागराज के अलावा वाराणसी, कौशाम्बी, फतेहपुर, भदोही व चंदौली में 30 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से ज्यादातर मामले गोवध अधिनियम के हैं। पिछले साल उसने जेल में रहते हुए ब्लॉक प्रमुख का चुनाव जीता था।

11 संपत्तियों पर पहले हो चुकी है कार्रवाई

मुजफ्फर गैंग की 11 संपत्तियों पर पहले ही कार्रवाई हो चुकी है। आठ दिन पहले बम्हरौली उपरहार में छह व अप्रैल में पूरामुफ्ती के बेगम बाजार स्थित पांच भूखंड व मकानों को गैंगस्टर के तहत कुर्क किया गया था। इनका कुल मूल्य करीब 10 करोड़ रुपये बताया गया है।

आठ भाइयों में पांच हिस्ट्रीशीटर

मुजफ्फर आठ भाइयों में सबसे बड़ा है। उसके समेत कुल पांच भाई हिस्ट्रीशीटर हैं। 2018 में धूमनगंज में उसे 1.8 क्विंटल प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार किया गया था। जिसमें चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इसी मुकदमे के आधार पर पिछले साल पूरामुफ्ती पुलिस ने मुजफ्फर व उसके गैंग के 13 सदस्यों पर गैंगस्टर लगाया था। गैंगस्टर के मामले में मुजफ्फर समेत आठ गिरफ्तार किए जा चुके हैं जबकि छह फरार हैं। उनके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी हो चुका है। जल्द ही कुर्की की कार्रवाई के लिए कोर्ट में अर्जी दी जाएगी। गैंग के अन्य सदस्यों की अपराध से अर्जित संपत्तियों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। **– दिनेश कुमार सिंह, एसपी सिटी ।**

बेटी लक्ष्मीबाई, बेटा हो आजाद, भगत सिंह जैसा

अखंड भारत संदेश

गोदभराई रस्म में बोलीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी

प्रयागराज। आजाद पार्क में शनिवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने 16 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित करने के साथ नौ गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म पूरी की। उन्होंने कहा कि मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि जो माताएं गर्भवती हैं उनकी कोख में अगर बेटी हो तो वह लक्ष्मीबाई जैसी, बेटा हो तो चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह जैसा हो ।भारत माता की जय और वंदेमातरम के उद्घोष के साथ उन्होंने आजाद पार्क में शहीद चंद्रशेखर आजाद को नमन भी किया। कहा कि यह मंच हिंदुस्तान का है, स्वाधीनता का है, सत्ता का नहीं। यहां हम सब एक होकर मां भारती का जयघोष करें। इस तिरंगे के लिए न सिर्फ बलिदान दिए गए, बल्कि भारत और सशक्त हो उसका भी प्रयास हुआ ।यह क्रम जारी रहना चाहिए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म एवं चार बालिकाओं को स्कूली किट देने के बाद केंद्रीय मंत्री ने प्रयागराज को संकल्प की भूमि बताने के साथ कहा कि आज हम सबको शपथ लेनी चाहिए कि आने वाले 25 साल में देश को स्वर्णिम भारत बनाएंगे ।आजादी के अमृत महोत्सव आयोजन के तहत शहर पहुंचीं केंद्रीय मंत्री ने वहां मौजूद लोगों से पूछा कि जब देश आजाद हुआ तो क्या किसी ने सोचा था कि एक दिन ऐसी विपदा आएगी कि पूरा देश बंद करना पड़ेगा। किसी ने ऐसा विचार नहीं किया था, लेकिन जब सब बंद था तब हम हिंदुस्तानी एक दूसरे को अनाज पहुंचा रहे थे।

इन महिलाओं की हुई गोद भराई रस्म : गीतांजलि, रचना विश्वकर्मा, ललिता भारती, नवरतन तिवारी, श्यामा दीप, प्रीति, काजल साहू, काजल, इति यादव ।सम्मानित होने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उनके परिजनों के नाम केंद्रीय मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मकसूद उल्ला का सम्मान किया। इसके अलावा अन्य सेनानियों के परिवार वालों में जो मौजूद रहे उनमें गंगा शुक्ला, जाहिदा बेगम, मलखा देवी, राजनाथ मीचू, पंकज सिंह, हसिसेन, राम रति, राजकुमार केशरवानी, ताजीन अफजल, सिद्दीक अहमद, प्रेम लता सम्मानित की गईं।

न्यूज झरोखा

अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

प्रयागराज। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद का कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम सिविल लाइन स्थित सुभाष चौराहा पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को माल्यार्पण किया गया तदोपरान्त कंपनी बाग में चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर सौरभ श्रीवास्तव केंद्रीय निदेशक, रागिनी श्रीवास्तव केंद्रीय कोषाध्यक्ष, अभजीत सिंह अपर निदेशक, उमा टंडन उप निदेशक, मीनू सिंह अपर निदेशक, प्रेम लता मौर्या निदेशक, रुपाली अवस्थी, सुनीता, रानी सिंह, अनीता सिंह, किरण पाल, बृजेन्द्र प्रताप सिंह महा सचिव, महराज सिंह राठौर, अर्चना वर्मा, संजना गौड़, सुनीता, सचिन निषाद, आयुष आदि उपस्थित रहे।

ब्लाक व स्कूलों ने निकाली तिरंगा यात्रा

जसरा। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर जसरा ब्लॉक सहित विद्यालयों में भी तिरंगा यात्रा निकाल कर नारे लगाए। तिरंगा यात्रा में आगे आगे डीजे की धुन पर मेरा रंग दे बसंती चोला के गीत गाये जा रहे थे। यात्रा में बारा विधायक डा०वाचस्पति व जसरा ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह ने जसरा ब्लॉक परिसर से लेकर शौर्य आटोमोबाइल सेन्टर तक तिरंगा यात्रा में शामिल रहे। वहां से पुनः जसरा बाजार होते हुए ब्लॉक परिसर में तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। बीडीओ जसरा डा०सपना अवस्थी ने बताया कि विकास खंड परिसर को पूरी तरह से तिरंगा मय बनाया गया है। रंग रोगन का कार्य जोरों के साथ किया जा रहा है। इसी तरह जमुनापार इंटर कालेज अमरेहा, सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल गौहनिया, प्राथमिक विद्यालय अमरेहा,प्राथमिक विद्यालय जसरा सहित दर्जन भर स्कूलों में आजादी का अमृत महोत्सव के मौके पर तिरंगा यात्रा निकाला गया। इस अवसर पर एडीओपी श्यामलाल तिवारी, विज्ञान प्रभाकर शुक्ल, दारा सिंह पटेल,सरकार बहादुर सिंह, आशीष सोनकर,अमरजीत सिंह,कृष्ण राज सिंह,विजय कुमार पांडेय,भीम पटेल, राममनोहर कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

हर घर तिरंगा, प्रभात फेरी, काव्य पाठ का आयोजन

जंघई। नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में विविध प्रकार के देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए ।हर घर तिरंगा कार्यक्रम में मानव श्रृंखला बनाकर प्रभात फेरी तिरंगा यात्रा जंघई में निकाली गई जिसमें वंदेमातरम, भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा काव्य पाठ में देशभक्ति गीत, भजन एवं कविता प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय एवं समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा आजादी के 75 वें वर्षगांठ कार्यक्रमों में पूरे मनोयोग से बढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है।

रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

जारी। जारी के श्रीमती कमला अग्रहरि मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज बालिकाओं ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रैली निकाली गढ़ैया से जारी बाजार तक रैली निकाली। प्रबंधक रामसखा अग्रहरी ने अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानाचार्य श्रीमती अनुश्री, श्रीमती ज्योति, श्रीमती माधुरी, कुमारी ज्योति मिश्रा, नीतू पांडेय, कुमारी नेहा, कपिल मुनि पांडे, शैलेश मिश्रा सुरेंद्र अग्रहरी अभिषेक पटेल महेंद्र पांडे उमेश मिश्रा नंदलाल, सहित सुधीर साहू पूर्व जिला अध्यक्ष, सुबोध साहू, पप्पू अग्रहरी, राजेंद्र केसरवानी, विपिनगुप्ता विश्व हिंदू परिषद, नन्द कुमार त्रिपाठी, संतोष जायसवाल,कपूर चंद्र अग्रहरी राजेंद्र कुशवाहा झल्लर श्रीवास्तव,शिबू केसरवानी ,संतोष केसरवानी विजयअग्रहरी नेता, सुजीत, मनोज अग्रहरि, सुभाष सोनी,अश्वनी, रोहित जायसवाल सहित सैकड़ों क्षेत्रीय एवं स्थानीय नागरिक सम्मिलित रहे। तो वहीं जारी चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार यादव अपने पुलिस स्टाफ के साथ मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करेगा रेडीमिक्स प्लांट

शंकरगढ़। सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने विकास खंड शंकरगढ़ के ग्राम लेदर में रेडीमिक्स प्लांट का भूमिपूजन किया। शुक्रा इंफ्रासिटी प्राइवेट लिमिटेड के इस प्लांट में कंक्रीट के विभिन्न उपयोग वाले रेडीमेड ब्लाक बनाए जाएंगे। भूमिपूजन के दौरान सांसद ने कहा कि यह प्लांट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपनों को साकार करेगा। इसके पूर्व शुक्रा इंफ्रासिटी प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि राकेश कुमार शुक्ल ने सांसद को राम मंदिर का प्रतीक और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर कुंजनलाल मिश्र, राघवेंद्र मिश्र, रामायणप्रसाद, संजय त्रिपाठी, रमेश मिश्र, प्रवीण शुक्ल, छेदीलाल शुक्ल, राधेश्याम मिश्र, रामकृष्ण त्रिपाठी, मुकेश सिंह, भाष्कराचार्य मिश्र समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

पहली बार दिखा ऐसा भव्य नजारा- डॉ राकेश धर त्रिपाठी

प्रतापपुर। भाजयुमो बरुणा मंडल द्वारा आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में तिरंगा यात्रा को मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ राकेश धर त्रिपाठी द्वारा झंडा दिखाकर रवाना किया गया।भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए उत्साह से लबरेज कार्यकताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। डॉ राकेश धर त्रिपाठी ने कहा कि आजादी के बाद ऐसा भव्य नजारा पहली बार देखने को मिल रहा है तिरंगे को ऊंचा रखना, मान शान बढ़ाना और हर घर में तिरंगा फहराना हम सभी का कर्तव्य है। वशिष्ट अतिथि सत्यम हिंदू, जिलाध्यक्ष भाजयुमो नवीन सिंह पटेल, विमलेश पटेल कपिल पटेल, मंडल प्रभारी योगेश केशरवानी, बुलबुल त्रिपाठी पूर्व प्रमुख, प्रणव त्रिपाठी, दिलीप यादव, श्याम मिश्रा मंडल अध्यक्ष भाजयुमो बरुणा मंडल, निशार अहमद, समरजीत मौर्य, चंचल पांडेय, सुनील सरोज, धीरज मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मऊआइमा पुलिस ने निकाला तिरंगा यात्रा

मऊआइमा। थाने के इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के नेतृत्व में आज समस्त पुलिसकर्मियों ने मऊआइमा कस्बा सहित क्षेत्र में पैदल तिरंगा यात्रा निकाले

करछना विधायक के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

करछना। शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत करछना विधायक पियूष रंजन निषाद, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में ब्लॉक परिसर से लेकर कौवा बाजार तक तिरंगा प्रभात फेरी के बाद कौवा बाजार में जनसभा भी हुआ। विधायक ने कहा कि भारत एक बड़ा परिवार है जिसका धर्म संविधान है और जिसकी पहचान तिरंगा है। इस वर्ष हम लोग आजादी के 75वें साल में है। इस पावन पर्व को खास बनाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाएंगे। जिस मौके पर प्रमोद कुमार तिवारी, त्रिवेणी प्रसाद पांडे, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सविता शर्मा, सुरेश पांडे, नकुल निषाद कार्तिकेय कुशवाहा, डॉ भगवत पांडेय, सत्य प्रकाश निषाद,प्रधान कपठुआ डॉ नजम, भाजपा नेता रिंकू सिंह, बच्चा सिंह प्रदीप मिश्रा, विजय शंकर गुप्ता, पवन निषाद, संजय गुप्ता, मोहनलाल, अनुपम कुमार आदि लोग रहे।

तिरंगा यात्रा में घरों पर तिरंगा लगाने का दिलाया गया संकल्प

झूंसी। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपाइयों ने जिले भर में तिरंगा यात्रा निकालीं। झूंसी छतनाग में बहादुरपुर ब्लाक प्रमुख अरुणेंद्र यादव उर्फ डब्बू के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकली गई साथ ही लोगो को घरों पर तिरंगा फहराने का संकल्प भी दिलाया गया। यात्रा में जिला अध्यक्ष गंगापार अश्वनी द्विवेदी, वीरेंद्र बहादुर सिंह, जेलर सिंह, करन सोनकर आदि शामिल रहे। टीपी मेमोरियल विद्यामंदिर इण्टरकालेज व अभिज्ञान एकेडमी सरायतकी झूँसी के विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लिए भारत माता का जयघोष करते हुए प्रभात फेरी निकली इस अवसर पर प्रबन्धक लक्ष्मी कांत उपाध्याय के साथ सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रही। वही पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवनारायण यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में अशोक नेता, विजय सिंह, राजकुमार यादव के साथ स्कूल की छात्र छात्राएं व स्थानीय लोग शामिल रहे। भाजपा नेता राजीव मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई बाइक पर तिरंगा यात्रा आवास विकास कॉलोनी योजना 2, आजाद नगर, नगर पंचायत, एवं जीटी रोड पर भ्रमण करते हुए देश भक्ति नारे लगाये।

आजादी अमृत महोत्सव पर तिरँगा से जगमगाया कालाकांकर गंगातट

सांसद व पूर्व सांसद ने कार्यक्रम में किया शिरकत

अखंड भारत संदेश

कुण्डा/परियावां, प्रतापगढ़। भारत की 75वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य पर आयोजित एक सप्ताह तक चलने वाले आजादी अमृत महोत्सव घर घर तिरँगा लगाने के अभियान के तहत शनिवार को कालाकांकर गंगातट किनारे पूर्व सांसद एवं कालेज प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम सम्पन किया गया जिसमे छात्रों ने कालाकांकर में प्रभात फेरी निकाली।

मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा कौशाम्बी सांसद बिनोद सोनकर ने कहा कि आजादी के 75 वे वर्षगाँठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आजादी के अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए देश मे आजादी की लड़ाई में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाले जनपद प्रतापगढ़ के कालाकांकर में गंगातट किनारे विशाल तिरँगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमे अनुमानित पांच हजार लोगों ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का आयोजन कालाकांकर रियासत की पूर्व सांसद एवं भाजपा नेता राजकुमारी रत्ना सिंह ने किया। अपने सम्बोधन में राजकुमारी ने कहा कि देश को आजाद कराने में कालाकांकर राजघराने का परिवार ने बड़ा योगदान किया अंग्रेजी हुकूमत से युद्ध करते हुए पूर्वज राजा लाल प्रताप सिंह चांदा में अपने प्राणों की आहुति देते हुए अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए जो अवध में घुस नहीं पाए राजा अवधेश सिंह के नेतृत्व में गांधी जी ने कालाकांकर में अंग्रेजी वस्त्रो की होली जलाई थी। आज आजादी अमृत महोत्सव के माध्यम से अपने पूर्वजो की कहानी याद आ गई। छात्रों ने आजादी का अमृत महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में कालाकांकर रियासत की आजादी के जंग में बड़ा योगदान प्रस्तुत किया। मंच पर आसीन वक्ताओं ने अपने अपने विचार ब्यक्त किये। पूरा गंगातट केसरिया तिरँगा झंडा में पटा रहा जिसमे इंटर व डिग्री कालेज के एनसीसी छात्रों ने भाग लिया।

अमृत महोत्सव में मौजूद सांसद विनोद सोनकर व पूर्व सांसद रत्ना सिंह।

महोत्सव कार्यक्रम में हनुमत इंटर कालेज कालाकांकर के प्रधानाचार्य कैप्टन समशाद अहमद व डिग्री कालेज कालाकांकर के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव व जेएमजी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल कालाकांकर के प्रधानाचार्य मुनीश शर्मा व महर्षि शांडियल पब्लिक स्कूल आलापुर कालाकांकर व प्राथमिक विद्यालय कालाकांकर प्रथम व द्वितीय के समस्त शिक्षक व बच्चे छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर सिंघुजा मिश्रा सेनानी, डॉ घनश्याम यादव (राजभवन मैनेजर) कुँवर मनीष सिंह, कुँवर अनूप सिंह, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, त्रिभुवन नाथ मिश्र उर्फ टंडन, आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में महावीर सिंह लघु माध्यमिक विद्यालय रजवापुर के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ओझा ने छात्रों के साथ तिरंगे झंडा लेकर प्रभात फेरी निकाली।

इसी तरह भाजपा मन्डल कुसुवापुर अध्यक्ष मोहित मिश्रा व पूर्व प्रत्याशी बाबागंज पवन गौतम ने परियावां में महिलाओं को तिरँगा झंडा घर घर लगाने के लिए वितरण किया। सेखमोहम्मदपुर ग्राम प्रधान सुनीता देबी व बीडीसी डॉ सतपाल वर्मा ने गाव में घर घर तिरँगा फहराने के लिए वितरण किया उच्च प्राथमिक विद्यालय सेखमोहम्मदपुर में शिक्षको ने छात्रों के तिरँगा झंडा लेकर प्रभात फेरी निकाल कर लोगो को घर घर तिरँगा लगाने के लिए प्रेरित किया।

चौराहे पर चहुंओर फहरा रहा तिरंगा।

नगर पालिका कर्मचारी घर-घर जाकर फहरा रहे तिरंगा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर पालिका के सफाई नायक तथा अन्य कर्मचारी वार्डों के एक-एक घर में जाकर तिरंगा फहराने का कार्य शुरू किये हुए हैं। इसके अलावा नगर के सभी चैराहों पर लगे मूर्तियों के ऊपर तिरंगा फहराया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अध्यक्ष प्रेमलता सिंह व अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में पूरे नगर पालिका के 26 हजार मकानों में तिरंगा फहराने का कार्यक्रम बनाया गया है। उन्होंने बताया कि नगर

26 हजार मकानों में तिरंगा फहराने का नगर पालिका का लक्ष्य

पालिका के 25 वार्डों में 15 हजार घर से और अब विस्तारित क्षेत्र को लेकर यह संख्या 26 हजार हो गई है। इन सभी घरों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कम्पनी गार्डेन, अम्बेडकर चैराहा, भंगवा चुंगी, स्टेशन रोड, चैक घंटाघर व सदर बाजार चैराहों पर तिरंगा फहराया गया है। इसके अलावा वार्डों के एक-एक घर में सफाई नायक व अन्य कर्मचारी पहुंच रहे हैं।

भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा, राष्ट्रवाद से सराबोर हुआ पट्टी नगर

पूर्व नगर अध्यक्ष रामचरित्र वर्मा की अगुवाई में हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। आजादी की अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा फहराने की अपील करते हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने पट्टी नगर में शनिवार को एक विशाल रैली का आयोजन किया भारत माता की जय और वंदे मातरम की गूंज के साथ डीजे पर बजती हुई राष्ट्रभक्ति की गीतों से लोग राष्ट्रवाद से सराबोर हो गए। राष्ट्रवाद का ऐसा अद्भुत नजारा देखकर लोग उत्साहित नजर आए। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम पट्टी नगर के पूर्व नगर अध्यक्ष रामचरित्र वर्मा की अगुवाई में किया गया।पट्टी चमन चौक पर शनिवार 11 बजे पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने पूर्व नगर अध्यक्ष रामचरित्र वर्मा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद भारतीय जनता पार्टी के सभी बिंग के पदाधिकारी व कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय का जयकारा करते हुए आगे बढ़े। डीजे की धुन पर बज रहे गीत के पीछे पीछे महिला पदाधिकारी भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के सदस्य एकल विद्यालय परिवार के साथ यात्रा चमन से निकलकर रायपुर रोड से होते हुए रामचरित्र वर्मा के आवास पर पहुंचे जहां पर उनका भव्य स्वागत किया गया। वहां से तिरंगा यात्रा पट्टी चैक से होते पूरे पट्टी नगर में भ्रमण करते हुए तिरंगा यात्रा का पट्टी ब्लाक सभागार में समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पट्टी ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह पप्पू सिंह, बाबा बेलखरनाथ धाम के ब्लॉक प्रमुख सुशील सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख कमलाकांत यादव, नगर अध्यक्ष खेदनलाल जायसवाल, अशोक जायसवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा मंडल के सभी अध्यक्ष और ग्राम प्रधान, पट्टी नगर के वार्ड व्यापारी तथा सैकड़ों महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के आयोजक राम चरित्र वर्मा ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

एमडीपीजी कालेज में छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा रैली

प्रतापगढ़। एमडीपीजी कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम अभियान में स्वतंत्रता सप्ताह के तृतीय दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा एक विशाल रैली आयोजित की गई। रैली चयनित गाँव पूरे नरसिंह भान तक गई जहां नुक्कड़ नाटक एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मनोज मिश्र द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। इस दौरान प्राचार्य जी ने सभी छात्रों को यह संकल्प दिलाया कि वह घर घर तिरंगा लगाने के लिये सभी ग्राम वासियों को प्रेरित करेंगें।

फैजान ने नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में जेएमजी स्कूल का नाम किया रोशन, सभी शिक्षकों ने दी बधाई

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के जे एम जी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल कालाकांकर के कक्षा 10 के छात्र फैजान अहमद वारसी पुत्र इनाम उल्लाह गिरधर पुर गढ़ी कौशाम्बी निवासी ने नेपाल में चल रहे चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय भारतीय शांति खेल महासंघ में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान आने पर स्कूल के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने पर नेपाल के खेल मंत्री खेमे केन्ज एवं फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी विमल कुमार एवं चेयरमैन मोनू कुमार व मार्शल आर्ट के कोच शारुख ने छात्र के साथ स्कूल के सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए प्रशंसा किया।

लम्बी दौड़ में प्रथम स्थान आने पर फैजान अहमद व कोच अंकित चन्द्र यादव

फैजान के नेपाल में प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिलने पर स्कूल के प्रबंधक वी के शुक्ला व चेयरमैन वी एन शुक्ला एवं प्रधानाचार्य मुनीश शर्मा ने फैजान के परिजनों को जानकारी दी और फैजान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की फैजान के नेपाल मेंप्रतियोगिता में विजयी होने की खुशी की। खबर मिलते ही परिजन झूम उठे स्कूल में सभी शिक्षकों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए कहा कि फैजान ने नेपाल में जाकर स्कूल के साथ जनपद व गाँव का नाम रोशन किया फैजान के गाँव मेंजीत की खुशी में सभी झूम उठे। फैजान के साथ नेपाल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए साथ मे गए कोच अंकित चन्द्र यादव ने बताया कि फैजान ने कड़ी मेहनत व लगन के साथ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रधानाचार्य मुनीश शर्मा ने बताया कि फैजान कालाकांकर की लीजेंट फिजिकल अकादमी में अभ्यास करते थे अकादमी की तरफ से फैजान को सपोर्ट-5 कोटे एवं स्पोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के लिए ट्रायल दिलवाया जाएगा। स्कूल के समस्त स्टाफ ने फैजान की जीत को ऐतिहासिक जीत बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

पीबीपीजी कालेज में हुई विचार गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन

आजादी के अमृत महोत्सव के उद्देश्य पर डाला गया प्रकाश

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उ.प्र.जनपद इकाई प्रतापगढ़ के तत्वावधान में पी बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में स्वतंत्रता के 75 वर्ष अमृत महोत्सव के संदर्भ में विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष एवं प्राचार्य पी बी पी जी कॉलेज डॉ बृज भानु सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एम डी पी जी कॉलेज के प्राचीन इतिहास के प्रोफेसर डॉ पीयूष कांत शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं उनके समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, तत्पश्चात अमृत महोत्सव गीत का प्रस्तुतिकरण बी एड विभाग के छात्रों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री राजेश कुमार मिश्र ने विषय प्रवर्तन करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव के उद्देश्य एवं महत्व को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर पीयूष कांत शर्मा ने अपने उद्बोधन में भारत की सनातन संस्कृति और उसके ऐतिहासिक पक्ष को उद्घाटित करते इसे ऐसी पुण्य भूमि बताया जहां अनेक विदेशी आक्रांता आये लेकिन इसकी सभ्यता को नष्ट नहीं कर सके। जबकि समकालीन सभ्यताओं का आज कोई अस्तित्व नहीं है। डॉ अजीत सिंह ने भी अपने उद्बोधन में अमृत महोत्सव से युवाओं को जोड़ते हुए देश के आगे ले जाने की ओर प्रेरित किया।

प्रोफेसर पीयूषकांत शर्मा को सम्मानित करते अतिथिगण

कार्यक्रम को डॉ रेनू जी ने भी संबोधित किया। अपनी अध्यक्षीय संबोधन में डॉ बृज भानु सिंह ने भारत को आदि काल से ज्ञान की भूमि बताते हुए इसके वैश्विक संकल्पना की ओर ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे स्मृति शेष गंगा शिव ओझा के सुपुत्र हरिहर प्रसाद ओझा भी उपस्थित रहे तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किए जाने की संकल्पना के क्रम में आपको अंगवस्त्रम एवं भारत माता का चित्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही मुख्य वक्ता डॉ पीयूष कांत जी को भी अंगवस्त्रम एवं भारत माता का चित्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती एवं राष्ट्र गान के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्रायें एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।

चोरी की मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जनपद के थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 अमित कुमार मिश्रा मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के विकास भवन के पास से थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0 776/22 धारा 379 भादवि से संबंधित एक अभियुक्त विक्रम पुत्र गोपीचन्द्र निवासी फुलवारी थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ को एक अदद मोटर साइकिल सुपर स्पलेन्डर (गाड़ी नं- यूपी 72 एई 0827) के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से उक्त मोटर साइकिल के संबंध में पूछा गया तो बताया कि यह मोटर साइकिल मैंने कोतवाली नगर क्षेत्र के सेनानी नगर से चुराया था। उधर जनपद के थाना महेशगंज के हे0का0 अखन्डानन्द दूबे मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/शान्ति व्यवस्था ड्यूटी के दौरान को थाना क्षेत्र के हीरागंज चैराहे के पास एक व्यक्ति नीरज मिश्रा पुत्र रमा मिश्रा निवासी ऐंधा थाना महेशगंज।

तिरंगा हमारी आन-बान-शान नारों से गूंजा सियाराम कालोनी

हैप्पी टाइम स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर से लेकर ग्रामीणांचलों तक तिरंगा यात्रा निकालने का क्रम जारी है। शनिवार को शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम प्ले वे स्कूल के छोट-छोटे बच्चों ने हाथ में तिरंगा लेकर तिरंगा हमारी शान है, घर-घर फहरेगा तिरंगा, वंदेमातरम के नारों से गूंजती तिरंगा रैली निकाली।

तिरंगा रैली स्कूल प्रांगण में पंक्तिबद्ध होकर सियाराम कालोनी, भंगवा चुंगी, नया माल गोदाम होते हुए स्कूल प्रांगण में समाप्त हुई। रैली में सबसे आगे देष प्रेम के गीत गाए जा रहे थे और बच्चे वंदेमातरम और भारत माता की जयकार कर रहे थे। शहर में तिरंगा रैली तो कई स्थानों से निकली लेकिन नन्हे-मुन्ने बच्चों के हाथों में तिरंगा देख कई घरों की छतों पर खडे.होकर लोग वीडियो बनाते रहे। रैली के प्रारंभ में स्कूल के प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने तिरंगे के महत्व को बताया। तिरंगा यात्रा में प्रियांशी पाण्डेय, उमेश श्रीवास्तव, ऐनुल हसन, सृष्टि, अरविया, स्नेहा आदि ने रैली को सुव्यस्थित ढंग से आगे बढ़ाने में सहयोग किया।

तिरंगा रैली के साथ हैप्पी टाइम स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चे।

संस्कार ग्लोबल स्कूल ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

डीएम और सीओ सिटी ने छात्र-छात्राओं का किया उत्साहवर्धन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर हर तिरंगा अभियान के तहत शनिवार को संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके पूर्व विद्यालय में बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुति दी और देश के लिए शहीद अमर बलिदानियों को पुष्प अर्पित कर नमन किया। पुलिस लाइन में सीओ सिटी अभय पाण्डेय ने तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ किया। वहां से भारत माता की जय,वन्दे मातरम, इंकलाब जिंदाबाद का उद्घोष करते हुए राजा पाल टंकी चौराहा, ट्रेजरी चैराहा,पीडब्ल्यूडी होते हुए तिरंगा यात्रा जिलाधिकारी आवास के सामने पहुंची। वहां जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल को नन्हीं छात्रा काव्या सिंह ने तिरंगा भेंट किया। जिलाधिकारी ने बच्चों को आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में बताते हुए उत्साहवर्धन किया। शहीद उद्यान, अम्बेडकर चैराहा होकर पुलिस लाइन में तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। निदेशक संजय सिंह, प्रिंसिपल समीना अख्तर, उमा सिंह,सन्ध्या शुक्ला,फौजदार सिंह,रंजन सिंह, अविनाश सिंह,राहुल श्रीवास्तव, विनय सिंह,संगीत दुबे,हिमांशु श्रीवास्तव,अंकित तिवारी,सृष्टि तिवारी,वर्षा ओझा, विजया सिंह,अखिलेश मिश्र,सौरभ सिंह,विपिन सिंह,शिवम त्रिपाठी,विकास सिंह,गोविन्द सिंह, विनोद मौर्य आदि मौजूद रहे।

संस्कार ग्लोबल स्कूल की तिरंगा रैली में मौजूद डीएम डा0 नितिन बंसल

प्रभात एकेडमी के बच्चों ने तिरंगा रैली

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अष्टभुजा नगर स्थित प्रभात एकेडमी के कक्षा-केजी से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्कूल परिसर से अष्टभुजा नगर होते हुए मीरा भवन चैराहे तक तिरंगा संकल्प यात्रा निकाली। छात्र एवं छात्राएं हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत लोगों को अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने/लगाने का संकल्प दिलाया कि सभी लोग अपने-अपने घरों में तिरंगा अवष्य लगाएं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 प्रभात शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों का बलिदान करने वाले वीर सपूतों तथा राष्ट्र का निर्माण करने वाले लोगों की याद में अपने-अपने घरों में तिरंगा अवष्य लगाएं। इस अवसर पर वर्तिका मिश्रा, अपराजिता सिंह, श्रेया, यषी, अपूर्व, खुषी, आदित्य, वंषिका, श्रेयांष, आर्यमान, श्रेयस, आयुष्मान, मंषा, निष्ठा, सुदर्षिता, अभिनव, आकर्ष, काव्या आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

व्यापार मण्डल आज निकालेंगे मौन जुलूस

प्रतापगढ़। उ प्र उद्योग व्यापार मंडल प्रतापगढ़ द्वारा 14 अगस्त को सायं चार बजे तुलसी सदन हादी हाल से चैक घंटाघर तक एक मौन जुलूस निकाला जाएगा जिसमें आजादी दिलाने के लिए उन वीर सपूतों की षहादत को याद किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उ प्र उद्योग व्यापार मण्डल प्रतापगढ के संरक्षक हरि प्रताप सिंह की अगुवाई में होगी।

दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जनपद के थाना बाघराय के उ0नि0 सचिन पटेल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश, वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0 213/15 धारा 25 आर्म्स एक्ट से संबंधित एक वारण्टी अभियुक्त लालाराम गुप्ता पुत्र गुन्टी सरोज निवासी पुवासी, थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर इसी थाना क्षेत्र के उ0नि0 जदगीश प्रसाद वर्मा मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश, वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0 256/18 धारा 497, 471, 504, 506 भादवि व एससी/एक्ट से संबंधित एक वारण्टी अशोक कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 दशरथलाल गुप्ता निवासी बिहार बाजार थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

भारत माता की जय, वंदे मातरम घोष से गूंज रहा कौशाम्बी

मंडल अध्यक्ष रामराज मौर्य के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

रैली में शामिल नगर वासी

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों कार्य कताओं ने गाजे बाजे डीजे की धुन पर अझुवा मंडल के विभिन ग्राम सभाओं से गुजरते हुए मोटरसाइकिल चारपहिया वाहनों के साथ लोगों में उत्साह जागृत करने का कार्य किया है। देश प्रदेश में आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव को लेकर हर घर झंडा कार्यक्रम के तहत लोग देश भक्ति में डूबे हुए हैं कौशाम्बी जिले के प्रत्येक स्कूल कालेज शिक्षण संस्थानों सहित लोग घरों में झंडा लगाकर वंदे मातरम, भारत माता की जय जयकार कर रहे हैं उसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के अझुवा मंडल अध्यक्ष डॉ राजाराम मौर्य के नेतृत्व में अलीपुर जीता से डीजे की धुन पर भारतीय जनता पार्टी के पार्टी पदाधिकारियों के साथ मोटरसाइकिल चार पहिया वाहन से मलाका, टाण्डा,भैरायें कनेमई बहुआ होते हुए नगर पंचायत अझुवा पहुंचे जहां नगर पंचायत अझुवा की तरफ से हनुमान मंदिर में सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गयी थी जलपान कर भारत माता की जय,वंदे मातरम का उदघोष करते हुए विभिन्न ग्राम सभाओं से होते हुए इसी के पुरवा में तिरंगा यात्रा का समापन हुआ इस दौरान जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी,एक्स विधायक शीतला पटेल शिव प्रताप मौर्य,प्रशांत केसरवानी सौरभ केसरवानी करन सिंह रावत, वीरेंद्र पाल,चंद्रपाल सिंह,संतोष जोशी,ज्ञानशर्मा सहित सैकड़ों मोटरसाइकिल सवार क्षेत्रीय गणमान्य लोग तिरंगा यात्रा में सम्मिलित रहे।

रैली में उपस्थित नगर वासी व अन्य

डीजे के धुन पर कस्बे में निकली रैली

कौशाम्बी। नगर पालिका मंझनपुर में एसडीएम एंव ईओ के नेतृत्व मे नगर वासियों के सहयोग से बड़े धूमधाम से तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया है तिरंगा यात्रा रैली का दृश्य बड़ा मनमोहक था। नगर पालिका परिषद मंझनपुर के ईओ व एसडीएम के नेतृत्व में मंझनपुर कस्बे में नगर वासियो के साथ आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्षय में मंझनपुर कोतवाल नगर वासी नगर व गणमान्य लोगों ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर आजादी के इस जश्न में शामिल हुए यह तिरंगा यात्रा डायट मैदान से नगर भ्रमण करते हुए नगर पालिका परिषद मंझनपुर तक निकाली गई डीजे के धुन में हजारों लोगो ने हाथो में तिरंगा लिए भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने झूम रहे थे और इस यात्रा से पूरा कस्बा तिरंगा मय हो गया। मेरी शान तिरंगा है मेरी जान तिरंगा है की धुन ने सभी को अपने घरों से बाहर निकलने के लिए विवश कर दिया।

मनौरी व्यापार मण्डल ने निकाली तिरंगा यात्रा

तिरंगा यात्रा में चायल पुलिस चौकी प्रभारी की टीम की मौजूदगी देखी गई

रैली में शामिल व्यापारी नेता

कौशाम्बी। मनौरी व्यापार मण्डल के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव पर मनौरी नगर अध्यक्ष सुधीर कुमार केसरवानी की अगुवाई में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई ये तिरंगा यात्रा ने पूरे मनौरी बाजार में भ्रमण किया तिरंगा यात्रा में नगर के सभी व्यापारियों ने बहुत जोर शोर से हिस्सा लिया और भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाते हुए पूरे नगर को गुंजायमान किया मनौरी बाजार के व्यापारियों ने भारत के प्रधानमंत्री के आदेशों का पालन करते हुए इसको एक त्यौहार के रूप में मनाया मनौरी नगर अध्यक्ष के आवाहन पर इस तिरंगा यात्रा में व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रमेश अग्रहरी जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी,युवा जिलाध्यक्ष अरविंद केसरवानी भरवारी व्यापार मंडल महामंत्री राजेश अग्रहरी टेवा व्यापार मण्डल अध्यक्ष नेम चंद्र अग्रहरी मुन्ना भैया भरवारी मनौरी नगर के संभ्रांत व्यापारी राधेश्याम केसरवानी शंभू लाल केसरवानी जगदीश चंद्र केसरवानी हेम चन्द्र केसरवानी राजेंद्र कुमार प्रमोद कुमार केसरवानी नरोत्तम दास केसरवानी वीरेंद्र कुमार मंत्री सुरेश चंद्र गुप्ता व मनौरी व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारी और युवा व्यापार मंडल के सभी पधाधिकारी व हजारों की संख्या में व्यापारियों ने यात्रा में भाग लिया।

भवन्स मेहता विद्याश्रम द्वारा निकाली गई रैली

विद्याश्रम के कक्षाओं का नामकरण स्वतंत्रता सेनानियों के नाम किया गया

रैली निकालते भवन्स मेहता के छात्र

कौशाम्बी। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भवंस मेहता महाविद्यालय द्वारा रैली निकाली गई तत्पश्चात महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के नामकरण स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर (यथा गांधी सभागार दुर्गा भाभी प्राध्यापिका कक्ष आजाद प्राध्यापक कक्ष सुभाष वाचनालय भगत सिंह सम्मेलन भवन) किया गया इन कार्यक्रमों में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया महाविधालय परिसर को तिंरगा झंडे से सजाया गया महाविद्यालय के मुख्य भवन को तिंरगा प्रकाश लड़ियों से सुसज्जित किया गया है अमृत महोत्सव आयोजन की प्रभारी डॉ० श्वेता यादव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ० धर्मेंद्र कुमार अग्रहर ने इन कार्यक्रमों का संयोजन एवं समन्वय किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 प्रबोध श्रीवास्तव डॉ० विवेक कुमार त्रिपाठी कैप्टन अरुण कुमार सिंह डॉ० पंकज कुमार डॉ० श्रद्धा तिवारी डॉ० सतीश चंद्र तिवारी डॉ० योगेश मिश्र डॉ० सीपी श्रीवास्तव डॉ० राहुल राय डॉ० दीपक कुमार डॉ० सुमन शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

आजादी का अमृत महोत्सव : न्यूज झरोखा

आजादी का अमृत महोत्सव : निकाला गया भव्य तिरंगा यात्रा

कौशाम्बी। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सराय अकिल पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत भव्य तिरंगा यात्रा के साथ पैदल मार्च कर जनमानस में राष्ट्रप्रेम देशभक्ति के भाव को प्रेरित किया इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा पुलिस लाइन में पुलिस परिवार के मेधावी बच्चों को रास्ट्रीय संस्करण की पुस्तकें खेलकूद के उपकरण रास्ट्रीय ध्वज तिरंगा व पुरस्कार वितरित किए गए।

एमएस कॉन्वेन्ट स्कूल के द्वारा निकली गई तिरंगा रैली

कौशाम्बी। एमएस कॉन्वेन्ट स्कूल में प्रबंधक व ग्राम प्रधान के द्वारा स्कूली बच्चों के साथ आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा जागरूकता रैली निकाली गई प्रधानाध्यापक ग्राम प्रधान व स्कूली बच्चों के द्वारा रैली के माध्यम से आम जन व नगर वासियो को जागरूक किया गया जिसमे आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में विषय मे बताया गया रैली मे प्रधानाध्यापक ग्राम प्रधान शिक्षक गण व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

प्रा. विद्ययालय में अमृत महोत्सव के तहत निकाली गयी रैली

हर्रायपुर कौशाम्बी। मूरतगंज ब्लाक के अंतर्गत हर्रायपुर क्षेत्र के कई गांवों के प्राथमिक विद्यालयों में अमृत महोत्सव के अंतर्गत बड़े ही धूमधाम से छात्र छत्राओं ने तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया व घर-घर तिरंगा लगाए जाने के लिए लोगों को प्रेरित किया है आलमचन्द व बसेड़ी बन्तरिया पर पिप्राहटा के प्रधानाध्यापक ने छात्र छत्राओं को हर घर झंडा योजना जागरूक करते हुए कहां 75 वा स्वतंत्रता दिवस की उपलक्ष्य में कार्यक्रम सम्पन हुआ मौके पर हर्रायपुर चौकी के अनिकेत व सुलब प्रतीक पुष्पेंद्र राजेश आदि सिपाही उपस्थित थे।

जेसीएस इंटर कालेज के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा रैली

कौशाम्बी। जेसीएस इंटर कालेज पचम्भा बैरामपुर के छात्र छात्राओं ने तिरंगा यात्रा रैली निकालकर घर घर तिरंगा लगाए जाने के लिए लोगों को प्रेरित किया है समस्त छात्र एवम छात्राओं ने तिरंगा यात्रा रैली जेसीएस इंटर कालेज से निकाली है इस यात्रा का नेतृत्व कॉलेज के संस्थापक जय चन्द्र सिंह एवम प्रबंधक बृजेश कुमार सिंह के व कालेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह के द्वारा किया गया इस मौके पर कालेज के समस्त छात्रों ने तिरंगा की शान में नारे लगाते हुए नगर भ्रमण किया तिरंगा यात्रा मे छात्र मौजूद रहे।

श्री राम कृपाल विद्यालय द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा

कौशाम्बी। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत बड़े ही। धूमधाम से स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन कर घर-घर तिरंगा लगाए जाने के लिए लोगों को प्रेरित किया है श्री राम कृपाल बालिका संस्कृत माध्यमिक विद्यालय रानी पुर मे तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई जिसमें स्कूल के शिक्षक व छात्र छात्राओं द्वारा लोगो को घर-घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया है रैली मे कालेज के शिक्षक गण छात्र छात्राएं सहित नगर के तमाम लोग उपस्थित रहे।

रानी देवी राम अभिलाष सिंह इं.का. ने निकली तिरंगा रैली

कौशाम्बी। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रानी देवी राम अभिलाष सिंह इंटर कालेज अलवारा तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया है छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा रैली निकाली है हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरूआत छात्र छात्राओं एवम शिक्षकों के साथ की गई इस मौके पर कालेज के शिक्षक गणों ने कहा कि घर-घर तिरंगा लगाना है और आजादी के जश्न को मनाना है हर घर तिरंगा कार्यक्रम हेतु स्कूल के छात्र छात्राओं शिक्षकों के साथ-साथ नगर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को प्रोत्साहित किया

महेश्वरी प्रसाद इं. कालेज में निकाली गई विशाल रैली

हर्रायपुर कौशाम्बी। मूरतगंज ब्लाक के अंतर्गत महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज आलमचंद में अमृत महोत्सव के अंतर्गत बड़े ही धूमधाम से छात्र छत्राओं ने तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया व आलमचन्द से हर्रायपुर चौराहे तक घर-घर तिरंगा लगाए जाने के लिए लोगों को प्रेरित किया है वहा के प्रधानाध्यापक जितेंद्र नाथ सिंह ने छात्र छात्राओं को हर घर झंडा योजना जागरूक करते हुए कहां 75 वा स्वतंत्रता दिवस की उपलक्ष्य में कार्यक्रम सम्पन हुआ मौके पर हर्रायपुर चौकी इंचार्ज राकेश राय अपने हमराहियों के साथ उपस्थित थे।

कौशाम्बी में आजादी का अमृत महोत्सव

बच्चो के द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा

कौशाम्बी। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय परसरा के बच्चों के द्वारा हर घर तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें सभी बच्चों ने अपने आप को तिरंगे के रंग में सजा कर राष्ट्रीय झंडा लिए हुए भारत माता की जय का नारा लगाते हुए पूरे गांव का भ्रमण कर परसरा चौराहा पर रुक कर जोरदार नारा लगाया गया उक्त रैली की अगुवाई विद्यालय के समस्त स्टाफ के द्वारा किया गया रैली में प्रधानाध्यापक रविंद्र मिश्रा नीतू सक्सेना धीरज सिंह विवेक कुमार मिश्रा जिम्मी करवरिया सुचित्रा विश्वकर्मा प्रगति गुप्ता एवं कुछ गांव के गणमान्य व्यक्ति के साथ में मौजूद थे।

समस्त शराब की दुकाने पूर्ण रूप से बन्द रखने के निर्देश

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश देशी विदेशी मदिरा एवं बियर का व्यवस्थापन नियमावली यथा संषोधित एवं उत्तर प्रदेष आबकारी लाइसेंस (टेण्डर एवं नीलाम) नियमावली-1991 (यथा संषोधित) के अनुपालन में जनपद की देशी विदेशी बियर एवं भाँग तथा एफ0एल0- 16/17 की समस्त दुकानें 15 अगस्त 2022 (स्वतन्त्रता दिवस) के अवसर पर पूर्ण रूप से बन्द रहेगीं इस बन्दी के लिये अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल देय नहीं होगा यह जानकारी जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने दिया है।

स्मृति दिवस के तहत 14 अगस्त को निकली जाएगी मौन जुलूस

कौशाम्बी। आजादी के 75वीं वर्षगॉठ के अवसर पर देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव गरिमामय रूप से मनाये जाने के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाया जा रहा है शासन द्वारा 14 अगस्त 2022 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अन्तर्गत तिरंगा मौन जुलूस एवं प्रर्दशनी आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है जनपद में 14 अगस्त 2022 को पूर्वान्ह 09:30 बजे तहसील मंझनपुर परिसर से कलेक्ट्रेट तक मौन जुलूस निकाली जायेंगी जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने हेतु नोडल नामित किया है।

डीएम एवं एसपी ने थाना करारी व पिपरी में सुनी जन समस्याएं

थाना दिवस में सुनवाई करते डीएम एसपी

फरियादियो की समस्या सुनते थानेदार

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना करारी एवं थाना पिपरी में जनसमस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दिये थाना करारी में कुल 05 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 01 शिकायत को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया एवं शेष शिकायत के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एंव पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार थाना पिपरी में कुल 05 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 02 शिकायत को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया एवं शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एंव पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये।

थाना कोखराज में सुनी गई जनसमस्याएं

कौशाम्बी। थाना कोखराज में थाना समाधान दिवस में सीओ थाना प्रभारी कोखराज अवधेश विश्वकर्मा व गणेश प्रसाद सिंह की मौजूदगी में प्राप्त 15 शिकायतों में 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया व शेष बची शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व कर्मचारियों द्वारा निष्पक्ष पूर्ण मामलों को निस्तारण करने का निर्देश दिया गया मौके पर चौकी इंचार्ज राकेश राय शहजाद पुर सुमित आनन्द सिंधिया चौकी इंचार्ज विनोद मौर्य चा ाये मूरतगंज लाल सिंह दरोगा भोला यादव दरोगा महेंद्र सिंह दरोगा जितेन्द्र सिंह व लेखपाल अमन सिंह अशोक दुबे देवेन्द्र सिंह रितेन्द्र सिंह आदि लोगों की उपस्थिति में समाधान दिवस समपन्न हुए।

संदिग्ध दशा में युवक का फांसी पर लटकता मिला शव

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर युवक ने आत्महत्या कर लिया है। घटना कोखराज थाना क्षेत्र मोजाहिदपुर गांव की है जहां युवक राजकुमार उम्र लगभग 25 वर्ष का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला है सुबह परिजनों ने पुलिस को सूचित किया सूचना पर पहुंची कोखराज पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है वहीं ग्रामीण चचाओं के अनुसार युवक शराब का आदी था ।युवक ने फांसी क्यों लगाई इसका पता नही चल सका है।

सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते पांच अभियुक्त गिरफ्तार :

कौशाम्बी। थाना मंझनपर पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए पांच अभियुक्तों दिलीप कुमार पुत्र हीरालाल अजय कुमार पुत्र लाल बहादुर शारदा प्रसाद पुत्र दूधनाथ अर्जुन पुत्र स्व0 उगरू व भीम पुत्र बरमदीन निवासीगण ओसा थाना मंझनपुर को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 1380रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 90 रुपए बरामद कर मुकदमा पंजीकृत किया गया

तमंचा व कारतूस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार :

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मंजीत कुमार सोनकर उर्फ गोलू पुत्र भुल्लन निवासी कूडापुर मजरा सैय्यद सरावां थाना चरवा को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व दो अदद जिंदा कारतूस 315 के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रमेश कुमार सरोज पुत्र भुल्लन सरोज निवासी हिसामपुर परसखी थाना कोखराज को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार :

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मातादीन सरोज पुत्र मंगल सरोज निवासी तिल्हापुर थाना सराय अकिल को 500 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार :

कौशाम्बी। थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त सूरजदीन पुत्र केदारनाथ रैदास निवासी तिल्लाताला थाना चरवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार :

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सन्तलाल पुत्र स्व0 हीरालाल निवासी अमुरा थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है

निरोधात्मक कार्यवाही मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार :

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना सैनी से एक थाना कड़ाधाम से एक कुल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

हाईवे के गड्ढा से हो रही आये दिन मौत !

टूटी सड़क का दृश्य

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत चाकवन चौराहे पर बीते दिन हाइवे एनएच 2 के निर्माण के कारण रोड में गढढा हो जाने के चलते निर्दोष गरीब 11 वर्षीय बच्चे की दर्द नाक मौत हो गयी थी जिसमे क्षेत्र की जनता ने एन एच 2 के लोगों के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त किया है लोगों की जिले के आला अधिकारियों से निवेदन किया कि रोड़ के गढढे हाइवे के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आदेश जारी कर निर्माण कराये ताकि ऐसी दर्द नाक मौत दुबारा ना हो सके।

खाली पेट अदरक का पानी पीने से मिलेंगे ये 5 फायदे

अदरक का प्रयोग सिर्फ आपकी चाय और भोजन का स्वाद बढ़ाने में ही मददगार नहीं है, बल्कि सेहत के लिए अदरक के अनेक स्वास्थ्य लाभ भी हैं। अदरक हम में से ज्यादातर लोगों के किचन का एक अहम हिस्सा है। हम सभी किसी न किसी रूप में अदरक का सेवन करते हैं, चाहे वह चाय की बात तो या तरह-तरह के पकवानों की। लेकिन क्या आपने कभी अदरक के पानी का सेवन किया है? क्लीनिकल न्यूट्रिशनिस्ट और डायटीशियन गरिमा गोयल की मानें तो अदरक का पानी, अदरक के स्वास्थ्य लाभों को प्राप्त करने का सबसे आसान तरीका है। आयुर्वेद में अदरक को इसके औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। प्राचीन चिकित्सा में कई रोगों को दूर करने के लिए एक जड़ी-बूटी की तरह प्रयोग किया जाता है।

अदरक में शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। यह विटामिन सी, कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, जिंक, कॉपर, मैंगनीज और क्रोमियम आदि। जिससे यह सेहत को कई लाभ प्रदान करता है। खासकर यदि आप सुबह खाली पेट अदरक के पानी का सेवन करते हैं। इस लेख में हम आपको सुबह खाली पेट अदरक का पानी पीने के 5 फायदे (**khali pet adrak ka pani peene ke fayde**) बता रहे हैं।

1. वजन घटाने में मिलती है

खाली पेट अदरक का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है। जब आपका मेटाबॉलिज्म सही काम करता है तो इससे आप दिनभर के सामान्य काम करते समय भी कैलोरी बर्न होती है। जिससे तेजी से फैट बर्न करने में मदद करती है। यह शरीर को नैचुरली डिटॉक्स करने में भी मदद करता है।

2. डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है

अगर आप खाली पेट अदरक के पानी का सेवन करते हैं, तो यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में रखता है और ब्लड शुगर में स्पाइक से बचाता है। यह डायबिटीज के कारण होने वाली समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

3. त्वचा के फायदेमंद है

शरीर में जमा गंदगी और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। साथ ही इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करते हैं, जो कैंसर जैसे गंभीर रोगों का कारण बनते हैं। त्वचा पर चकत्ते, कील-मुंहासे, एजिंग के लक्षण जैसे झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम करने में मदद मिलता है। यह आपके खून को नैचुरली साफ करने में मदद करता है, जिसकी असर सीधा त्वचा पर देखने को मिलता है।

4. सूजन से लड़ने में मददगार है

शरीर में सूजन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करती है। अदरक एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होती है, जिससे यह रोगाणुओं और हानिकारक बैक्टीरिया से लड़ने में मददगार है, जो सूजन को ट्रिगर करते हैं। क्रोनिक सूजन से लड़ने के लिए अदरक का पानी बहुत फायदेमंद है।

5. पेट के लिए फायदेमंद है

खाली पेट अदरक का पानी पीने से पाचन को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। जिससे यह अपच, कब्ज, ब्लोटिंग, उल्टी-दस्त और मतली जैसी समस्याओं को दूर करने में भी बहुत प्रभावी है।

6. कोलेस्ट्रॉल कम होता है

अदरक का पानी पीने से खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिलती है। जिससे यह हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसे रोगों के जोखिम को कम करने में मददगार है और दिल को स्वस्थ रखता है।

दुनिया पहले ही रूस-यूक्रेन युद्ध से परेशान है, चीन-ताइवान युद्ध हुआ तो हालात और बिगड़ जायेंगे

चीन ने ताइवान से आने वाली खाद्य सामग्री के 100 से अधिक उत्पादों के आयात पर रोक लगा दी है तो दूसरी और ताइवान ने भी चीन से मंगाये जाने वाले कंस्ट्रक्शन से जुड़े उत्पादों को मंगाना बंद कर दिया है और इन उत्पादों के आयात पर रोक लगा दी है।अभी दुनिया के देश रूस-यूक्रेन के युद्ध की विभिषिका से दो-चार हो ही रहे हैं कि अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद चीन-ताइवान के बीच तनाव के हालात पैदा हो गए हैं। हालांकि बड़े दिग्गजों को यह समझ जाना चाहिए कि रूस के सामने यूक्रेन जैसे छोटे से देश ने युद्ध को इतना लंबा खींचकर रूस के सामने चुनौती साबित कर दी है और माने या ना माने रूस को अंदरखाने यह महसूस करा दिया है कि जिस युद्ध को दो चार दिन का युद्ध मानकर यूक्रेन से सरेण्डर की आस लगाये बैठा था उस युद्ध ने रूस ही नहीं दुनिया के देशों की अर्थव्यवस्था को झकझोर के रख दिया है। अनाज संकट के साथ ही कच्चे तेल, गैस आदि का संकट सबके सामने है। लगभग यही हालात ताइवान-चीन के बीच संघर्ष के दौरान होना है। भले ही ताइवान कितना ही छोटा देश हो, चीन कितना ही बौना मानता हो पर दुनिया के देशों की अर्थव्यवस्था को हिलाने के लिए ताइवान किसी बड़ी ताकत से कम नहीं है ।यहां तक कि ताइवान से तनाव के परिणाम को स्वयं चीन को भी भुगतना पड़ेगा। कोरोना के दौर में हालात हम देख चुके हैं। हालांकि नैंसी की यात्रा के बाद चीन ने गहरी नाराजगी जताई है और प्रतिक्रिया स्वरूप सैन्य अभ्यास आरंभ कर दिया है। या यों कहें कि दबाव की नीति के तहत ताइवान की घेराबंदी शुरू कर दी है। ताइवान आज भले ही छोटा देश हो पर अपनी तकनीक की ताकत की बदौलत सारी दुनिया के देशों को हिलाने की क्षमता रखता है। चौपहिया से लेकर मोबाइल इंडस्ट्री तक को पटरी से उतारने की क्षमता आज ताइवान के पास है और मजे की बात यह कि इस ताकत को दुनिया के सारे देश जानते हैं। स्वयं चीन की अर्थव्यवस्था को ऑक्सीजन देने में ताइवान की प्रमुख भूमिका है। आज चौपहिया वाहन से लेकर मोबाइल सहित इलेक्ट्रोनिक उत्पादों के निर्माण उपयोग में आने वाला सेमीकंडक्टर का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक देश ताइवान है। अभी पिछले दिनों ही सेमीकंडक्टर की कम आपूर्ति के चलते कार इंडस्ट्री बुरी तरह प्रभावित हो चुकी है। आज दुनिया के देशों में सेमीकंडक्टर के निर्माण में सबसे आगे ताइवान है। ताइवान आज भी सेमीकंडक्टर के निर्माण में पहले पायदान पर है। यह सफर भी कोई ज्यादा पुराना नहीं है। 1987 में ही ताइवान ने सेमीकंडक्टर निर्माण की कंपनी की स्थापना की थी। एक समय ऐसा भी रहा है जब दुनिया के देशों की 92 फीसदी डिमांड की पूर्ति इस कंपनी द्वारा की जा रही थी। दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग की भागीदारी केवल 8 फीसदी थी। सेमीकंडक्टर के निर्माण व गुणवत्ता में ताइवान चीन से मीलों आगे है। यह भी साफ है कि ताइवान और चीन के बीच तनाव बढ़ता है और युद्ध के हालात बनते हैं तो सेमीकंडक्टर बनाने वाली कंपनियों में उत्पादन प्रभावित होगा और इससे कारों से लेकर मोबाइल तक सभी के उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। दुनिया की कार, मोबाइल व इलेक्ट्रोनिक कंपनियों में उत्पादन कार्य प्रभावित होगा ।चीन ताइवान के बीच तनाव का असर अभी फिलहाल तो इन दोनों देशों में सामने आने लगा है। चीन ने ताइवान से आने वाली खाद्य सामग्री के 100 से अधिक उत्पादों के आयात पर रोक लगा दी है तो दूसरी और ताइवान ने भी चीन से मंगाये जाने वाले कंस्ट्रक्शन से जुड़े उत्पादों को मंगाना बंद कर दिया है और इन उत्पादों के आयात पर रोक लगा दी है। इसे केवल दो देशों के बीच एक दूसरे के खिलाफ कार्यवाही से नहीं देखा जा सकता। इस टकराव का सीधा-सीधा असर दुनिया के देशों पर निश्चित रूप से पड़ेगा, इससे कोई इंकार करता है तो यह किसी भूल से कम नहीं होगी। कोरोना के बाद संभलती अर्थव्यवस्था को रूस यूक्रेन युद्ध से पहले ही धक्का लग चुका है। अगस रूस यूक्रेन की तरह ही ताइवान और चीन के बीच तनाव युद्ध में बदलता है तो दुनिया के देशों की अर्थव्यवस्था को बचाना आसान नहीं होगा। आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित होगी। कारों, मोबाइल, कैमरों, प्रिंटरों और समग्र रूप से इलेक्ट्रॉनिक उद्योग को प्रभावित करेगी। चीन ने ताइवान के पास सैन्य अभियान जारी कर रखा है और ताइवान का तो यहां तक कहना है कि यह किसी हमले से कम नहीं हैं। ताइवान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मदद तक का आह्वान कर दिया है। ऐसे में दुनिया के देशों को हालात की गंभीरता को समझना होगा ।इतिहास तो यही बताता है कि संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं तनाव को कम करने में लगभग विफल ही रही हैं। रूस यूक्रेन के हालात सबके सामने हैं। यही हालात चीन ताइवान के हालातों पर रहेंगे। संयुक्त राष्ट्र संघ के भरोसे अधिक समय तक चला नहीं जा सकता। इसी तरह से दुनिया के देशों को यह भी साफ हो जाना चाहिए कि दुनिया के देश आंख मूंद कर हालात देखते रहेंगे तो इसके परिणाम अच्छे होने वाले नहीं हैं। दुनिया के देशों को पहल करनी ही होगी ताकि समय रहते तनाव को कम किया जा सके। दरअसल अपनी ताकत के प्रदर्शन और पड़ोसी देशों को दबाने की नीति बढ़ती जा रही है। पर अब ऐसा करना आसान नहीं है। कहीं ना कहीं यह समझना होगा कि अब हम आदि मानव नहीं रहे हैं। हमें सहअस्तित्व की नीति पर काम करना होगा। छोटा हो या बड़ा देश उसके अस्तित्व और अस्मिता को स्वीकारना होगा। आज यह समय आ गया है जब छोटे से छोटा देश आसानी से कब्जे में नहीं लिया जा सकता है।

सम्पादकीय

मुफ्त का लुत्फ

यह सुखद ही है कि चुनाव के दौरान मुफ्त प्रलोभन को वोट बटोरने की मशीन बनाने की तिकड़मों को सुप्रीम कोर्ट ने कटघरे में खड़ा कर दिया है। साथ ही मुद्दे को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला खड़ा किया। अन्यथा देश के राजनेता इस मुद्दे पर खुलकर कहने से बचते रहे हैं। हालांकि, कमोबेश सभी राजनीतिक दल इस रेवड़ी बांटने की दलदल में धंसे हुए हैं। इस मुद्दे पर चुनाव आयोग की उदासीनता निस्संदेह चिंता की बात है जिसको लेकर शीर्ष अदालत कड़ी टिप्पणियां कर चुकी है। यूं तो सुप्रीम कोर्ट कई बार केंद्र सरकार व वित्तीय प्रबंधन से जुड़ी संस्थाओं को इस मुद्दे पर निर्णायक राय देने को कह चुका है। अब लगता है कि कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद इस दिशा में कोई कारगर पहल हो पाये। कोर्ट साफ कह चुका है कि मुफ्त की संस्कृति के चलते देश की आर्थिकी को बड़ी चोट पहुंचती है। अदालत चुनाव के दौरान मुफ्त बांटने की परिपाटी पर रोक लगाने के लिये केंद्र सरकार को एक समिति बनाने के लिये कह चुकी है जो व्यापक स्तर पर इस मुद्दे पर निष्पक्ष विचार करे। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने सबसे महत्वपूर्ण बात यह कही है कि देश में व्याप्त आर्थिक विसंगतियों के चलते कमजोर वर्ग को मुफ्त की सेवाएं उपलब्ध कराने में कोई परहेज नहीं होना चाहिए। केंद्र व राज्य सरकारें ऐसी कई कल्याणकारी योजनाएं चला भी रही हैं। लेकिन इसके समर्थकों व विरोधियों की बात सुनकर ही निष्पक्ष ढंग से इस मुद्दे पर फैसला किया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर विमर्श के बिना यदि सभी कल्याणकारी मुफ्त की योजनाओं को रोका गया तो समाज के निर्धन तबके को खासा नुकसान होगा। ऐसे में इस मुद्दे को तार्किक परिणति देने के लिये जरूरतमंद वर्ग की चिंताओं पर ध्यान देने की जरूरत है। ताकि मुद्दे की चुनौती से निबटा जा सके और वंचित समाज को नुकसान भी न हो ।दरअसल, राजनीतिक दलों को चुनावी घोषणा पत्र में किये गये लोकलुभावन वायदों पर अंकुश लगाने के लिये बाध्य करने की जरूरत है। इस काम में चुनाव आयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। विडंबना यह है कि पिछले कुछ दशकों में चुनाव आयोग की लचर भूमिका के चलते राजनीतिक दलों की मनमानी बढ़ी है। सुप्रीम कोर्ट भी आयोग की ढुलमुल कार्यशैली पर सख्त टिप्पणी कर चुका है। एक समय टीएन शेषन जैसे सख्त मुख्य चुनाव आयुक्त ने राजनीतिक विद्रूपताओं पर किसी हद तक अंकुश लगाने में कामयाबी हासिल की। लेकिन उनके उत्तराधिकारी आयोग की इस गरिमा को बनाये नहीं रख सके। निस्संदेह, रेवड़ी बांटने की राजनीति पर चुनाव आयोग बेहतर ढंग से अंकुश लगा सकता था। लेकिन उसकी निष्पक्ष भूमिका को लेकर गाहे-बगाहे सवाल उठते रहे हैं। आखिर राजनीतिक दलों को ऐसी आजादी क्यों दी जाती है कि वे मेहनतकश जनता के कर से अर्जित धनराशि सस्ती लोकप्रियता के लिये वायदे पूरे करने में खर्च करें। यदि वाकई लोकलुभावन नीति की जरूरत राजनीतिक दलों को है तो वे इसके लिये फंड अलग से जुटाएं। फिर वे जो चाहे वायदे करें। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि जनकल्याण की योजनाओं के लिये आवंटित धन का दुरुपयोग किया जाता है। फिर केंद्रीय वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेकर घी पीने की कहावत को चरितार्थ किया जाता है। जबकि पहले से ही कर्ज में डूबे राज्यों की माली हालत इन मुफ्त की बिजली, पानी व अन्य मुफ्त के वायदों से और खराब हो जाती है। फलतः इन राज्यों में पैदा होने वाला हर बच्चा भारी-भरकम कर्ज सिर पर लेकर पैदा होता है, लेकिन राज्य की आर्थिकी के लक्ष्यों से जुड़े सरोकारों से राजनीतिक दलों का कोई लेना-देना नहीं होता। जनता को राहत मिलनी चाहिए, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए लेकिन राजनीतिक विलासिता के लिये इसमें कोई जगह न हो। राजनीतिक दलों को चुनावी घोषणापत्रों के प्रति जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।

शिक्षा का स्वदेशीकरण करने की दिशा में मोदी सरकार ने उठाया अहम कदम

बताया गया है कि कोर्स तैयार है। इसमें तो समय के साथ परिवर्तन होता रहेगा। बड़ा काम होगा, इसके अनुरूप शिक्षक बनाना। उन्हें प्रशिक्षित करना। वे गुरु शिष्य परंपरा के अनुरूप आधुनिक शिक्षा भी दें। आज की शिक्षा मैकाले की शिक्षा पद्यति है।

देश की आजादी के 75 साल पूरे होने पर सरकार ने पारंपरिक भारतीय शैली में स्कूली पढ़ाई की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए नए भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन किया है। इस बोर्ड की कमान बाबा रामदेव के पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को सौंपी है। प्रारंभ में ये बोर्ड शांतिकुंज से संचालित होगा। बाद में दिल्ली में मुख्यालय बनाया जाएगा। शिक्षा का 'स्वदेशीकरण' करने के लिए सीबीएसई की तर्ज पर एक राष्ट्रीय स्कूल बोर्ड स्थापित करने का विचार स्वामी रामदेव ने ही सरकार के सामने रखा था। वर्ष 2015 में उन्होंने अपने हरिद्वार स्थित वैदिक शिक्षा अनुसंधान संस्थान के जरिए एक नया स्कूली शिक्षा बोर्ड शुरू करने का विचार प्रस्तुत किया। इस शिक्षा में महर्षि दयानंद की पुरातन शिक्षा और आधुनिक शिक्षा का मिश्रण करके भारतीय शिक्षा बोर्ड की स्थापना की जानी थी। शिक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2016 में यह प्रस्ताव खारिज कर दिया था। इसके बावजूद बाबा रामदेव के प्रयास जारी रहे। उन्होंने केंद्र के मंत्रियों से मिलकर भारतीय शिक्षा बोर्ड शुरू करने के फायदे बताए। अब भारतीय शिक्षा बोर्ड के गठन की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया। ये भारतीय शिक्षा बोर्ड देश का पहला राष्ट्रीय स्कूल बोर्ड माना जाएगा। इसे सिलेबस तैयार करने, स्कूलों को संबद्ध करने, परीक्षा आयोजित करने और प्रमाण पत्र जारी करके भारतीय पारंपरिक ज्ञान का मानकीकरण करने का अधिकार होगा। यह आधुनिक शिक्षा को भारतीय परंपरा के अनुसार पढ़ाई कराएगा ।ज्ञातव्य है कि रामदेव पहले ही प्राचीन और अर्वाचीन शिक्षा पद्धति देने के लिए आठवीं कक्षा तक के लिए आचार्यकुलम की स्थापना कर चुके हैं। पहले योजना थी कि इसी आचार्यकुलम को बड़ी कक्षाओं तक आगे बढ़ाया जाएगा। बाद में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने देश के अनेक शिक्षाविदों के साथ बैठक कर भारतीय वैदिक शिक्षा बोर्ड का ढांचा तैयार किया। बताया गया कि वैदिक शिक्षा बोर्ड देश का एकमात्र ऐसा बोर्ड होगा, जो अपने से जुड़े विद्यालयों में वेदों की शिक्षा भी देगा। साथ ही धनुर विद्या जैसे अनेक प्राचीन अवमान बोर्ड के पाठ्यक्रम में शामिल किए गए हैं। इस समय सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित जितने भी पाठ्यक्रम मान्य हैं, वे सभी विषय वैदिक शिक्षा बोर्ड में समाहित कर लिए जाएंगे ।विश्वास दिलाया गया है कि इस बोर्ड की शिक्षा पद्धति से निकले छात्र विश्वस्तर की किसी भी शैक्षणिक प्रतियोगिता में भाग लेने के अधिकारी बनेंगे। वैदिक शिक्षा बोर्ड के छात्र इंटर के बाद जिस भी क्षेत्र में जाना चाहेंगे उन्हें प्रवेश हासिल होगा। योजना तो अच्छी है किंतु अभी सब समय के गर्भ में है। सीबीएससी और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा नौ से 12 तक की कक्षाएं ही चलाता है। बाकी की मान्यता कॉलेज प्रदेशीय शिक्षा बोर्ड से लेते हैं। इनमें एक तरह से दुहरी पढ़ाई होती है। भारतीय परंपरा के साथ शिक्षा देने के लिए जरूरी होगा कि शिक्षा नर्सरी कक्षा से प्रारंभ की जाए। यहीं से बच्चों को भारतीय जीवन दर्शन और भारतीय आदर्श सिखाएं जाएं। शिक्षा के उद्देश्य की कामयाबी के लिए शिक्षक भी तैयार किए जाएं। ऐसे शिक्षक बनाए जाएं जो गुरु शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाएं।

बताया गया है कि कोर्स तैयार है। इसमें तो समय के साथ परिवर्तन होता रहेगा। बड़ा काम होगा, इसके अनुरूप शिक्षक बनाना। उन्हें प्रशिक्षित करना। वे गुरु शिष्य परंपरा के अनुरूप आधुनिक शिक्षा भी दें। आज की शिक्षा मैकाले की शिक्षा पद्यति है। ये पद्यति स्कूली बच्चों को उनकी संस्कृति, इतिहास और सभ्यता से अलग करती है। वर्तमान में विद्यार्थियों को वेद, उपनिषद, रामायण, गीता और हिंदू धर्म ग्रंथ के बारे में नहीं पढ़ाया जाता था, जबकि बड़ी तादाद में हिंदू परिवार ऐसा चाहते थे। इस वैदिक शिक्षा के भारतीय शिक्षा बोर्ड की अनुमति मिलने के बाद उम्मीद है कि अब छात्रों को उनकी परंपरागत शिक्षा भी मिल सकेगी। इस शिक्षा बोर्ड की स्थापना के बाद आर्य समाज द्वारा संचालित आचार्यकुलम्, आरएसए द्वारा संचालित विद्या भारती और गुरुकुल जैसे शैक्षिक संस्थानों को भी लाभ होगा। हो सकता है कि आगे इन सब की शिक्षा और आदर्श इसमें समाहित कर लिए जाएं।

दरअसल इसके लिए समय-समय पर काम होते रहे किंतु व्यवधान आने के कारण फलीभूत नहीं हो सके। महर्षि महेश योगी ने इस दिशा में काम किया था। उन्होंने जनपद स्तर पर अपने स्कूल खोले। इसमें सीबीएससी बोर्ड की शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को ध्यान का अध्ययन भी कराया जाता था। भारतीय संस्कृति से विद्यालय जोड़ने की कोशिश हुई। किंतु वे विदेश में बैठे थे और उनके सिपहसालार यहां इस योजना से धन कमाने में लगे हुए थे। परिणाम स्वरूप जिलों में खुले विद्यालय धीरे-धीरे बंद होते चले गए। कुछ बिक गए। लेखक ने महर्षि के दर्शन से प्रभावित होकर अपने दानों बेटे का महर्षि विद्या मंदिर में प्रवेश दिलाया। बाद में अयोग्य शिक्षकों और शिक्षा के स्तर को देखते हुए दोनों को दूसरे स्कूलों में दाखिला कराना पड़ा ।बाबा रामदेव आज बाबा कम एक व्यवसायी ज्यादा हो गए हैं। उनकी इस योजना को अमली जामा पहनाने वाले कैसे होंगे, ये समय के गर्भ में हैं, फिर भी आशावान होना चाहिए कि ये मैकाले की शिक्षा से इतर भारतीयों के जीवन संस्कृति और दर्शन के अनुरूप होगी। शिक्षा रोजगार से जुड़ी रही है। हमारे समय में एमए में हिंदी और संस्कृत पढ़ने वाले ज्यादा थे। अंग्रेजी पढ़ने वाले कम मात्र दो या तीन ही। आज सब जगह अंग्रेजी की मांग है। इसी कारण अंग्रेजी में प्रवेश को लेकर मारामारी है। इस नए बोर्ड से सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि वेद और संस्कृत को बढ़ावा मिलेगा। इसके पढ़ने वाले बढ़ेंगे। तभी पढ़ाने वाले आएंगे ।अभी तक प्रत्येक शहर में इसाई मिशनरी स्कूल चल रहे हैं। ये अपने हिसाब से शिक्षा देते हैं। अभिभावकों को इनमें बच्चों को पढ़ाना मजबूरी है। क्योंकि इनका शिक्षा स्तर काफी अच्छा है। पर ये बच्चों को बड़ों के प्रति सम्मान करना, आदर देना तक नहीं सिखाते, जबकि सरस्वती स्कूलों में भारतीय जीवन दर्शन के अनुरूप शिक्षा दी जाती है। देखना यह है कि इस नए बोर्ड का शिक्षा स्तर कैसा होगा? शिक्षक कैसे होंगे? मान्यता का क्या स्तर होगा? एक कमरे में चल रहे स्कूलों को तो मान्यता नहीं दी जाएगी। फिर भी एक आशा है। उम्मीद है कि सब ठीक होगा ।उम्मीद है कि इस योजना से लाभ केंद्र की भाजपा सरकार को भी मिलेगा। सरकार के इस कदम से बीजेपी के उन असंतुष्ट समर्थकों की नाराजगी खत्म हो सकेगी, जो अब तक मानते रहे हैं।

डूरंड कप का आगाज एफसी गोवा और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के मैच से होगा

कोलकाता। गत चैम्पियन एफसी गोवा और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के मैच के साथ डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के 131वें सत्र का आगाज यहां के विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन (वीवाईबके) में 16

अगस्त (मंगलवार) से होगा। पिछले साल का फाइनल मुकाबला ग्रुप बी के इन्हीं दो टीमों के बीच खेला गया था। टूर्नामेंट में 20 टीमों के बीच कुल 47 मैच खेले जाएंगे जिसका फाइनल 18 सितंबर को होगा।

इसमें इंडियन सुपर लीग की 11 टीमों के अलावा आई-लीग की पांच और सेना से जुड़ी चार टीमें होगी। पहली बार डूरंड कप के मैचों का आयोजन तीन राज्यों में होगी। बंगाल के साथ असम और मिजोरम इसके मैचों की मेजबानी करेंगे।

संन्यास का संकेत देने के बाद पहला मैच हारी सेरेना विलियम्स

टोरंटो । सेरेना विलियम्स पेशेवर टेनिस से संन्यास का संकेत देने के बाद जब पहली बार कोर्ट पर उतरी तो उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दर्शकों ने 40 वर्षीय सेरेना का खड़े होकर अभिवादन

किया लेकिन इस स्टार खिलाड़ी ने न मुस्कान बिखेरी ना हाथ हवा में लहराया। दर्शक इस बीच अपने मोबाइल फोन से उनकी तस्वीरें लेते रहे। अमरीका की इस 40 वर्षीय खिलाड़ी को नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में बेलिंडा बेनसिच ने 6-2, 6-4 से हराया। बेनसिच का सामना दो बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन गार्बिने मुगुरुजा से होगा जिन्होंने काया कानेपी को 6-4, 6-4 से हराया।

'मेरा पीछा छोड़ो बहन' वाले बयान के बाद उर्वशी रौतेला ने तोड़ी चुप्पी, ऋषभ पंत को कहा- 'छोटू भैया'

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला और भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उर्वशी के एक बयान पर विकेटकीपर बल्लेबाज पंत ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए अप्रत्यक्ष रूप से अभिनेत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि मेरा पीछा छोड़ो बहन। अब इस बयान के बाद उर्वशी ने चुप्पी तोड़ी है। एक इंटरव्यू में उर्वशी ने कहा, मैं वाराणसी में शूटिंग कर रही थी, वहां से मेरा नई दिल्ली में एक शो था, तो मेरी वहां से दिल्ली की उड़ान थी। नई दिल्ली में मैं पूरा दिन शूटिंग कर रही था और लगभग 10 घंटे की शूटिंग के बाद जब मैं वापस गई तो मुझे तैयार होना था और आप जानते हैं कि लड़कियों को तैयार होने में बहुत समय लगता है। मिस्टर आरपी आए, वह लॉबी में बैठे और मेरा इंतजार करने लगे, वह मिलना चाहते थे। मैं इतनी थक गई थी कि मैं सो गई और मुझे पता ही नहीं चला कि मुझे कितने फोन आए हैं। उन्होंने आगे बताया, तो, जब मैं उठी तो मैंने 16-17 मिस्ड कॉल देखे और फिर मुझे बहुत बुरा लगा कि कोई मेरा इंतजार कर रहा था और मैं नहीं गई। सम्मान से क्योंकि बहुत सारी लड़कियों को इंतजार करवाना अच्छा लगता होगा लेकिन मैं वैसी नहीं हूं, मैंने उससे कहा कि जब तुम मुंबई आओगे तो मिलते हैं। उन्होंने आगे कहा, वह मुंबई आए और मिले। दूसरे व्यक्ति को सम्मान देना बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन मुझे लगता है कि मीडिया किसी भी चीज को, जो विकसित होने वाली हो पूरा खराब कर देता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कॉमनवेल्थ में हिस्सा लेने वाले सेना के खिलाड़ियों को किया सम्मानित

नई दिल्ली। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा। भारतीय एथलीट्स ने कुल 61 पदक जीते। भारत की ओर से इस बार 215 एथलीट्स कॉमनवेल्थ में हिस्सा लेने बर्मिंघम पहुंचे थे। अब सारे एथलीट्स देश लौट चुके हैं।

ऐसे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने वाले तीनों सशस्त्र बलों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इसका वीडियो भी सामने आया है। तस्वीर में राजनाथ सिंह के साथ वेटलिफ्टर गुरुराजा पुजारी और विकास ठाकुर, लवप्रीत सिंह, ट्रिपल जंपर एल्दहॉस पॉल और अब्दुल्ला अबूबकर, पहलवान नवीन, दीपक पूनिया, 10 हजार रेस वॉक में कांस्य जीतने वाले संदीप कुमार समेत कई एथलीट्स नजर आए। इस मौके पर राजनाथ ने सभी एथलीट्स के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल

खेलों की शुरुआत 28 जुलाई को हुई थी। 11 दिनों में हजारों एथलीट्स के शानदार परफॉर्मेंस और कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार आठ अगस्त को इसका समापन हुआ। 2026 में यह खेल ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में खेले जाएंगे। समापन समारोह में भारत के अचंता शरत कमल और निकहत जरीन ध्वजवाहक रहे।

भारत बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य समेत कुल 61 पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 67 स्वर्ण, 57 रजत और 54 कांस्य समेत कुल 178 पदकों के साथ पहले स्थान पर रहा। इंग्लैंड 57 स्वर्ण, 66 रजत और 53 कांस्य समेत 176 पदकों के साथ दूसरे और कनाडा 26 स्वर्ण, 32 रजत और 34 कांस्य समेत 92 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

सीएसए टी-20 लीग : डिकॉक, टॉपली से आरपीएसजी डरबन ने किया करार



डरबन । दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक और वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान जेसन होल्डर सहित लखनऊ सुपर जायंट्स के पांच खिलाड़ियों ने आरपीएसजी डरबन फ्रेंचाइजी से करार कर लिया है। यह टीम क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की नई टी-20 लीग के उद्घाटन सत्र में भाग लेगी।

करार हासिल करने वाले तीन अन्य खिलाड़ी काइल मायर्स, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रीस टॉपली और दक्षिण अफ्रीका के उभरते हुए क्रिकेटर प्रेनेलन सुब्रयान हैं। यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में आरपीएसजी के अध्यक्ष संजीव गोयंका ने कहा- मैं आरपीएसजी डरबन परिवार में सभी खिलाड़ियों का स्वागत करता हूं। यह एक नई शुरुआत है। हमें विश्वास है कि प्रतिभाशाली खिलाड़ी टीम की नींव को मजबूत करेंगे।

महिला आईपीएल का रास्ता खुला, मार्च 2023 में 4 सप्ताह की विंडो मिली

नई दिल्ली। महिलाओं की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मार्च 2023 में एक महीने की विंडो में शुरू की जाएगी और पूरी संभावना है कि इसमें पांच टीमें खेलेंगी। इसकी पुष्टि भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने की। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों ने इस मुद्दे पर चर्चा की और टूर्नामेंट के लिए मार्च की विंडो को ठीक समझा गया जो दक्षिण अफ्रीका में महिला टी20 विश्व कप के बाद की है।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि डब्ल्यूआईपीएल मार्च के पहले हफ्ते में शुरू होगा और हमने पहले साल चार हफ्ते की विंडो निर्धारित की है। दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप नौ से 20 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा और हमारी योजना इसके तुरंत बाद डब्ल्यूआईपीएल कराने की है। उन्होंने कहा- फिलहाल हम 5 टीमों के साथ टूर्नामेंट कराएंगे

लेकिन यह 6 टीमों का हो सकता है क्योंकि संभावित निवेशकों के बीच इसको लेकर काफी दिलचस्पी है। आगे टीमों की नीलामी की प्रक्रिया की घोषणा की जाएगी। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह ने अलग अलग साक्षात्कार में पहले पुष्टि की थी कि डब्ल्यूआईपीएल 2023 में शुरू होगा। मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स सभी ने महिला टीमें खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी। यहां तक कि यूटीवी के सीईओ रोनी स्क्रूवाला ने ट्वीट किया था कि वह डब्ल्यूआईपीएल फ्रेंचाइजी खरीदने में दिलचस्पी रखते हैं।

राष्ट्रमंडल खेलों के बाद बर्मिंघम में 2 पाकिस्तानी मुक्केबाज लापता

कराची। राष्ट्रमंडल खेलों की समाप्ति के बाद से बर्मिंघम में दो पाकिस्तानी मुक्केबाज लापता हो गए हैं। राष्ट्रीय महासंघ ने यह जानकारी दी। पाकिस्तानी मुक्केबाजी महासंघ (पीबीएफ) के सचिव नासिर तांग ने इस खबर की पुष्टि की कि मुक्केबाज सुलेमान बलूच और नजीरुल्लाह टीम के इस्लामाबाद रवाना होने से कुछ घंटे पहले गायब हो गए। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का समापन सोमवार को हुआ।

तांग ने कहा, 'उनके पासपोर्ट सहित यात्रा दस्तावेज अभी भी महासंघ के उन अधिकारियों के पास हैं जो मुक्केबाजी टीम के साथ खेलों में गए थे।' उन्होंने कहा कि टीम प्रबंधन ने ब्रिटेन में पाकिस्तान उच्चायोग और लंदन में संबंधित अधिकारियों को सुलेमान और नजीरुल्लाह के लापता होने के बारे में सूचित कर दिया है। तांग ने कहा कि लापता मुक्केबाजों के दस्तावेज पाकिस्तान से आने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार रखे गए थे। पाकिस्तान ओलंपिक संघ (पीओए) ने लापता मुक्केबाजों के मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है।

पाकिस्तान राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में कोई भी पदक नहीं जीत पाया। देश ने भारोत्तोलन और भाला फेंक में दो स्वर्ण सहित इन खेलों में आठ पदक जीते। मुक्केबाजों के लापता होने की घटना राष्ट्रीय तैराक फैजान अकबर के हंगरी में फिना विश्व चैंपियनशिप से गायब होने के दो महीने

बाद हुई है। हालांकि अकबर ने चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा तक पेश नहीं की और बुडापेस्ट पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद अपने पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों के साथ गायब हो गया। जून के बाद से उसका पता नहीं चल सका है।

बीसीसीआई का झटका : कोई भारतीय प्लेयर यूएई और स. अफ्रीका टी-20 लीग में नहीं खेलेगा

नई दिल्ली। किसी भी भारतीय खिलाड़ी चाहे वो अनुबंधित हो चाहे सेवानिवृत्त, उसे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात की दो आगामी टी 20 लीगों में शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई है। आईपीएल में खेलने वाले किसी भी प्लेयर को इन विदेशी लीगों में मेंटर बनने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इसका मतलब यह है कि धोनी चेन्नई सुपर किंग्स की दक्षिण अफ्रीका लीग में मौजूद टीम को मेंटर नहीं कर पाएंगे। धोनी अभी भी सीएसके के लिए खेल रहे हैं।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि यह स्पष्ट है कि घरेलू खिलाड़ियों

सहित कोई भी भारतीय खिलाड़ी तब तक किसी अन्य लीग में भाग नहीं ले सकता जब तक वह खेल के सभी रूपों से सेवानिवृत्त नहीं हो जाता। अगर कोई खिलाड़ी इन आगामी लीगों में भाग लेना चाहता है तो वह ऐसा तभी कर सकता है जब वह बीसीसीआई के साथ सभी संबंधों को खत्म कर दे। यह पूछे जाने पर कि क्या धोनी जैसा खिलाड़ी मेंटर या कोच के रूप में इस तरह की लीग का हिस्सा हो सकता है, बीसीसीआई अधिकारी ने कहा- तब वह सीएसके के लिए आईपीएल नहीं खेल सकते। उसे पहले यहीं रिटायर होना होगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के छह मालिकों ने साउथ अफ्रीका टी-20 लीग में टीमें खरीदी हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका का कहना है कि आईपीएल से मुंबई, लखनऊ, हैदराबाद, चेन्नई, राजस्थान और दिल्ली फ्रेंचाइजी के मालिक अब केप टाउन, डरबन, गकेबेरा (पूर्व में पोर्ट एलिजाबेथ) के मालिक हैं। इनमें जोहान्सबर्ग, पार्ल और प्रिटोरिया भी शामिल है। यूएई टी20 लीग में पहले से ही भारतीय मालिकों के साथ छह में से पांच फ्रेंचाइजी हैं, जिनमें से तीन की आईपीएल में टीमें हैं। मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स ने यूएई टी20 लीग में निवेश किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के मालिक पहले ही कैरेबियन प्रीमियर लीग में निवेश कर चुके हैं।

भारत को अगले साल हॉकी विश्व कप से पहले सुधार की जरूरत : अभिषेक

नई दिल्ली। हाल में समाप्त हुए राष्ट्रमंडल खेलों में अपने शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाले युवा फॉरवर्ड अभिषेक ने कहा कि भारतीय टीम का लक्ष्य अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहना है। बर्मिंघम में 6 मैचों में 2 गोल करने वाले अभिषेक ने कहा- हम सभी एक टीम के रूप में सुधार करना चाहते हैं। अगले साल विश्वकप होना है और उससे पहले सभी खिलाड़ी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहना चाहते हैं।

राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय टीम फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी। अभिषेक ने कहा कि इतने बड़े मंच पर अच्छा प्रदर्शन करना मेरे लिए यादगार अनुभव रहा। इस टूर्नामेंट के दौरान मुझे अपने खेल के बारे में काफी कुछ सीखने को मिला और पता चला

कि किन क्षेत्रों में मुझे सुधार करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा- हमने पूरी प्रतियोगिता में एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया जबकि हमारा सामना कड़े प्रतिद्वंद्वियों से था। प्रत्येक मैच हमारे लिए एक चुनौती था और हमने इसका डटकर सामना किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में भले हमें जीत नहीं मिली लेकिन हमने उससे काफी कुछ सीखा। हम इन क्षेत्रों में अभ्यास के दौरान सुधार करेंगे।

हरियाणा के इस फॉरवर्ड ने मुख्य कोच ग्राहम रीड का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा- हमारे मुख्य कोच ग्राहम रीड ने अभ्यास सत्र से पहले ही मुझसे कहा था खेल का आनंद लो और बहुत अधिक दबाव मत बनाओ। उनकी इस सलाह से मुझे राष्ट्रमंडल खेलों में काफी मदद मिली और मैं अपना नैसर्गिक खेल खेलने पर ध्यान देने में सफल रहा।

विश्व शतरंज रैंकिंग में भारतीय युवाओं नें लगाई बड़ी छलांग, भारत का भविष्य इन्ही पर टिका

चेन्नई। 44वे शतरंज ओलंपियाड में भारत की युवा टीम जिसे भारत की बी टीम के तौर पर खेलने का मौका मिला और टीम नें कांस्य पदक जीतकर एक नया इतिहास रच दिया टीम अंतिम समय तक स्वर्ण पदक की बड़ी दावेदार थी । खैर इस टीम में खेलने वाले चार खिलाड़ियों की उम्र 16 से 18 वर्ष के बीच थी और उन्होने अपने प्रदर्शन से भारत के शानदार भविष्य की तस्वीर सामने रख दी है । वहीं टीम ए मे शामिल अर्जुन एरिगासी 2700 अंक हासिल करने की बड़ी उपलब्धि हासिल की ।

डी गुकेश - पहले बोर्ड पर शानदार प्रदर्शन करने वाले 16 वर्षीय डी गुकेश नें लगातार 8 मुक़ाबले जीतकर नया

स्थान हासिल कर लिया और साथ ही वह विश्वनाथन आनंद (2756) के बाद दूसरे नंबर के खिलाड़ी बन गए । गुकेश नें अपने इस प्रदर्शन से व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी हासिल किया ।

निहाल सरीन - टीम के लिए दूसरे बोर्ड पर एक दीवार बनकर खेलने वाले 18 वर्षीय निहाल पूरे टूर्नामेंट मे अपराजित रहे और अपनी फीडे रेटिंग मे 19 अंक जोड़कर 2670 अंको के साथ विश्व रैंकिंग मे 74वे स्थान पर तो भारतीय खिलाड़ियो में सातवे स्थान पर पहुँच गए है । निहाल को दूसरे बोर्ड के लिए स्वर्ण पदक मिला ।

अर्जुन एरिगासी - टीम ए के लिए खेलने वाले अर्जुन के खेल के दीवाने विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन भी है ,उन्होने टीम के लिए ओलंपियाड के लिए अपराजित रहते हुए सभी 11 मुक़ाबले खेले और तीसरे बोर्ड पर रजत पदक हासिल किया । अर्जुन नें अपनी रेटिंग में 13 अंक जोड़े और 2702 अंको के साथ वह यह कारनामा करने वाले सातवे भारतीय खिलाड़ी बन गए ,अर्जुन विश्व रैंकिंग में 38वे तो भारतीय खिलाड़ियों में पांचवे स्थान पर पहुँच गए ।

प्रग्गानंधा - टीम बी के लिए सभी महत्वपूर्ण मुक़ाबले जीतने वाले 17 वर्षीय प्रग्गानंधा भारतीय युवा खिलाड़ियों मे सबसे लोकप्रिय चेहरा है और उन्होने अपने प्रदर्शन से तीसरे बोर्ड का कांस्य पदक हासिल किया साथ ही 15 अंको की बढ़त के साथ 2676 अंको के साथ विश्व रैंकिंग मे 67वां तो भारतीय खिलड़ियों मे छठा स्थान हासिल कर लिया है ।

रौनक साधवानी - टीम के 16 वर्षीय इस सदस्य नें भी अपने खेल से खूब सुर्खियां बटोरी ,रौनक नें अपनी रेटिंग नें यूएसए के खिलाफ मुक़ाबले मे दिग्गज दोमिंगेज पेरेज के खिलाफ अपने आक्रामक खेल से सभी को प्रभावित किया तो जर्मनी के खिलाफ अंतिम मैच मे भी शानदार जीत हासिल की इस टूर्नामेंट के बाद रौनक 2629 फीडे रेटिंग अंको के साथ विश्व टॉप 100 मे आने के लिए प्रयासरत है !

शुभमन गिल निरंतरता दिखाने में विफल है- पूर्व भारतीय दिग्गज ने सुनाई खरी-खरी

नई दिल्ली। केएल राहुल जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए शुभमन गिल की जगह शीर्ष क्रम में हो सकते हैं। राहुल को बीसीसीआई द्वारा फिट घोषित किया गया था और वह तीन मैचों की श्रृंखला में मेन इन ब्लू का नेतृत्व भी करेंगे। ऐसे में पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनिंदर सिंह को लगता है कि शुभमन के लिए यह सही संकेत नहीं है। अनुभवी शिखर धवन शीर्ष क्रम में लगभग एक निश्चित शुरुआत है। हालांकि पूर्व भारतीय दिग्गज क्रिकेटर मनिंदर सिंह का मानना है कि गिल के आगे राहुल को बल्लेबाजी के लिए ओपन करना कोई ब्रेनर नहीं है। गिल-राहुल पहेली पर मनिंदर ने कहा- जहां तक शुभमन गिल की बात है, तो उन्हें भारत के लिए कई मौके मिले हैं। वह निरंतरता दिखाने में नाकाम रहे हैं। अगर केएल राहुल भारतीय टीम में वापस आ रहे हैं तो उन्हें सीधे ओपनिंग करनी चाहिए। यहीं से उन्हें काफी कुछ मिला है।

मनिंदर सिंह को लगता है कि शुभमन गिल को ओपनिंग नहीं करनी चाहिए। वह मध्यक्रम में अच्छे बल्लेबाज हो सकते हैं। युवा खिलाड़ी पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में है और सिंह को लगता है कि इससे उन्हें मध्यक्रम में जगह बनाने की दौड़ में दूसरों पर बढ़त मिल सकती है। मनिंदर बोले- जो भी फॉर्म में है उसे पहले एकादश का हिस्सा होना चाहिए। गिल के साथ सबसे बड़ा फायदा यह है कि वह किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी कर सकता है। मुझे लगता है कि वह एक अच्छी पारी खेलता है फिर 2-3 पारियां गंवा देता है। वह निरंतरता दिखाएगा तो आत्मविश्वास भी पाएगा। वह देखने वाला क्रिकेटर है। बता दें कि विंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में शुभमन गिल प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे थे। उन्होंने तीनों मैच में 100 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। एक मैच में वह शतक बनाने से भी चूके थे। उन्होंने अपनी परफार्मेंस पर भविष्य की संभावनाओं पर बीते दिनों एक इंटरव्यू में कहा था कि मुझे यकीन है कि अगर मुझे नियमित अवसर मिलता है, तो मैं अपनी पहचान बना लूंगा। मैंने खुद का समर्थन किया, 100 फीसदी प्रयास किया, ताकि मैं भारत की टीम में अपनी जगह पक्की कर सकूं।

बलोचिस्तान में जुलाई में 48 लोगों की हत्या, 11 लोगों को गैरकानूनी तरीके से दी गई मौत की सजा

बलोचिस्तान। बलोचिस्तान में पाकिस्तानी सेना का दमन चक्र जारी है। जुलाई में पाकिस्तानी सेना ने बलूचिस्तान के 48 लोगों को मार दिया। इनमें से 11 लोगों को गैरकानूनी तरीके से मौत की सजा दी गई है। बलोचिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने इस पर कहा, जुलाई महीने में 45 लोगों के अचानक लापता होने के भी मामले सामने आए हैं। आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, लोगों की हत्याएं और अचानक से गायब हो जाना कानून का सरासर उल्लंघन है। इससे हजारों नागरिक प्रभावित हो रहे हैं। यह अपराध बड़े पैमाने पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और उनके संबद्ध मिलिशिया द्वारा किए जा रहे हैं जिन्हें स्थानीय रूप से मौत के दस्ते के रूप में जाना जाता है। पूर्व नियोजित रणनीतियों से इन वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। जुलाई के महीने में अचानक गायब लोगों के परिजनों ने पूरे बलोचिस्तान में जमकर प्रदर्शन किया। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा फर्जी मुठभेड़ में 11 लोगों को मारने पर भी जबरदस्त आक्रोश दिखा। लोगों ने पाकिस्तान की सेना को बलोचिस्तान का आतंकवादी कहकर बुलाया।

'चीन की कार्रवाई शांति व स्थिरता के खिलाफ, पर अमेरिका झुकेगा नहीं, ताइवान की मदद जारी रहेगी'

वाशिंगटन। अमेरिकी स्पीकर नैंसी पेलोसी की हालिया ताइवान यात्रा के बाद चीन ने अपने इस पड़ोसी स्वायत्त क्षेत्र की कड़ी सैन्य घेराबंदी कर ली है। सैन्य अभ्यास के जरिए उसने इस द्वीप देश को डराने की कोशिश की है। इसे लेकर दोनों देशों व अमेरिका के बीच तनातनी जारी है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के उप सहायक और एशिया प्रशांत मामलों के समन्वयक कुर्ट कैंपबेल ने बड़ी बात कही है।

दरअसल, चीन ताइवान को अपना स्वायत्त क्षेत्र मानता है, लेकिन वह एक स्वतंत्र देश के रूप में उसका अस्तित्व स्वीकार नहीं करता। वह उस पर अपना प्रभुत्व मानता है। इसी सिलसिले में कैंपबेल ने कॉन्फ्रेंस कॉल में कहा कि चीन के कदम मूल रूप से शांति व स्थिरता के खिलाफ हैं। आने वाले सप्ताहों में चीन ये कदम और तेज कर सकता है। वह ताइवान पर दबाव की कार्रवाई लगातार करता रहेगा। यह दबाव आने वाले हफ्तों और कई महीनों तक जारी रहेगा। इसका मकसद स्पष्ट रूप से ताइवान को डराना और उसकी आजादी को कम करना है। कैंपबेल ने कहा कि अमेरिका ताइवान के खिलाफ चीन के कदमों को देखते हुए शांतिपूर्वक ठोस कदम उठाता रहेगा ताकि क्षेत्र में शांति व स्थिरता कायम रखी जा सके। वह लंबे समय से चली आ रही अपनी नीति के अनुसार ताइवान की मदद करता रहेगा। चूंकि चुनौतियां लंबे समय तक रहने वाली है, इसलिए विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अमेरिकी कदम आगामी हफ्तों और महीनों में नजर आएंगे। हम नहीं झुकेंगे और धीरज के साथ प्रभावी कदम उठाएंगे। अमेरिका अंतरराष्ट्रीय कानूनों की इजाजत के मुताबिक जहां तक संभव होगा ताइवान के इलाकों में उड़ान भरना, समुद्री सुरक्षा और जहाजों की आवाजाही जारी रखेगा।इन कदमों में ताइवान की खाड़ी में हवाई और समुद्री परिवहन शामिल है।

विवादास्पद मौलवी की तारीफ करने से किया इनकार, अहमदी समुदाय के शख्स की हत्या

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक विवादास्पद मौलवी की तारीफ करने से इनकार करने पर अहमदी समुदाय के 62 वर्षीय व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। 1974 में पाकिस्तान की संसद ने अहमदी समुदाय को गैर-मुस्लिम घोषित कर दिया था। एक दशक बाद उन्हें खुद को मुस्लिम कहने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। उन्हें उपदेश देने और तीर्थयात्रा के लिए सऊदी अरब की यात्रा करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। ताजा घटना लाहौर से करीब 170 किलोमीटर दूर रबवाह (चिनाब नगर) में हुई। रबवाह अहमदी समुदाय का मुख्यालय है। तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के संस्थापक खादिम हुसैन रिजवी की तारीफ में नारे नहीं लगाने पर एक धार्मिक कट्टरपंथी ने रबवाह के मुख्य बस स्टॉप पर नसीर अहमद की चाकू मारकर हत्या कर दी। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के प्रवक्ता सलीमुद्दीन ने कहा कि उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि संदिग्ध ने अहमद को रोका और उससे रिजवी के पक्ष में नारे लगाने को कहा। मना करने पर आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने टीएलपी सदस्य को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह से 600 समुद्री मील दूर है चीनी पोत, प्रवेश की मंजूरी का इंतजार

कोलंबो। श्रीलंका के दक्षिणी बंदरगाह हंबनटोटा में लंगर डालने वाला एक उच्च तकनीक वाला चीनी जहाज योजना के अनुसार अब तक यहां नहीं पहुंचा है, देश के बंदरगाह प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। चीनी बैलिस्टिक मिसाइल और उपग्रह ट्रैकिंग जहाज 'युआन वांग 5' को पहुंचना था और 17 अगस्त तक बंदरगाह पर रहना था। श्रीलंका पोर्ट्स अथॉरिटी (एसएलपीए) के हार्बर मास्टर ने कहा कि जहाज योजना के मुताबिक बंदरगाह पर नहीं पहुंचा। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि जहाज को हंबनटोटा के पूर्व में 600 समुद्री मील दूर अपने स्थान से प्रवेश करने की मंजूरी का इंतजार है। 12 जुलाई को श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने हंबनटोटा बंदरगाह पर जहाज के डॉकिंग के लिए मंजूरी दी थी। 8 अगस्त को मंत्रालय ने कोलंबो में चीनी दूतावास को लिखे एक पत्र में जहाज के नियोजित डॉकिंग को स्थगित करने का अनुरोध किया था। हालांकि, इसने इस तरह के अनुरोध का कारण नहीं बताया। 'युआन वांग 5' उस समय तक हिंद महासागर में प्रवेश कर चुका था। श्रीलंका ने स्थगन का अनुरोध तब किया जब भारत सरकार ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी। एसएलपीए ने कहा कि हालांकि एक चीनी कंपनी के पास हंबनटोटा बंदरगाह का प्रभार है, लेकिन नेविगेशन और परिचालन संबंधी मामले वह खुद नियंत्रित कर रहा है।

श्रीलंका के विपक्षी राजनीतिक दलों ने चीनी जहाज के डॉकिंग के मुद्दे को गलत तरीके से संभालने के लिए सरकार को दोषी ठहराया है। सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना पार्टी के पांच-पक्षीय समूह ने एक संयुक्त बयान में आग्रह किया कि जहाज को हंबनटोटा जाने की अनुमति दी जाए। हंबनटोटा के दक्षिणी गहरे समुद्री बंदरगाह को इसके स्थान के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। बंदरगाह को बड़े पैमाने पर चीनी कर्ज लेकर विकसित किया गया था। भारत ने कहा है कि वह अपनी सुरक्षा और आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाले किसी भी मामले की सावधानीपूर्वक निगरानी करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने नई दिल्ली में चीनी पोत की प्रस्तावित यात्रा की रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर कहा था कि हमें इस पोत द्वारा अगस्त में हंबनटोटा की प्रस्तावित यात्रा की रिपोर्ट की जानकारी है। उन्होंने पिछले महीने कहा था कि सरकार भारत की सुरक्षा और आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाले किसी भी मामले की सावधानीपूर्वक निगरानी करती है और उनकी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करती है। भारत इसके बारे में चिंतित है कि जहाज के ट्रैकिंग सिस्टम श्रीलंकाई बंदरगाह के रास्ते में भारतीय प्रतिष्ठानों की जासूसी करने का प्रयास कर रहे हैं।

हिंदू किशोरी करीना ने कोर्ट को सुनाई जुल्म की दास्तां, अगवा कर मुस्लिम से जबरन करा दी थी शादी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत से छह जून को घर के बाहर से अगवा हिंदू किशोरी करीना कुमारी ने अदालत को खुद पर हुए जुल्मों की दास्तां सुनाई। उसने बताया कि जबरन धर्म परिवर्तन करा उसकी जून में ही मुस्लिम खलील से शादी करा दी गई थी। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक महिलाओं के साथ ऐसी वारदात आम हैं।

सिंध के ग्रामीण इलाके में बेनजीर शहीदाबाद स्थित घर के बाहर से अगवा करीना के निर्धन पिता सुंदर मल ने उसे खोजने के लिए तमाम अफसरों के पास गुहार लगाई। बरामद कर उसे नवाबशाह की अदालत में पेश किया गया। उसने वीडियो माध्यम से दिए बयान में अदालत से अपील की कि उसे पिता के पास भेज दिया जाए। उसे फिलहाल महिला केंद्र भेजा गया है।

करीना के पिता सुंदर मल ने कोर्ट से कहा, हम निर्धन लोग हैं। हमारे पास तो अदालत आने के लिए बस के किराए तक के पैसे नहीं हैं। मेरी बेटी ने कोर्ट में सच्चाई बताई है। उसे घर भेजकर अदालत को अपहरण कर उत्पीड़न करने वालों और लड़कियों को बेचने वालों को सजा देनी चाहिए।

ग्रामीण इलाकों में हिंदू लड़कियों को ज्यादा खतरा

करीना के पिता के वकील दिलीप कुमार मगलानी ने कहा, धर्म परिवर्तन कराने के चलन के कारण खासकर ग्रामीण इलाकों में हिंदू लड़कियां और उनके परिवार खतरे में हैं। हम अपनी ओर से कोशिश करते हैं, लेकिन ज्यादातर अपहृत लड़कियां नाबालिग होती हैं। अपहर्ता अदालत में गलत कागजात या प्रमाण पत्र पेश करते हैं और इसके बाद पुलिस भी मदद नहीं करती। इन लड़कियों के गरीब माता-पिता के पास बेटी की उम्र साबित करने के लिए कोई प्रमाण-पत्र या कागजात नहीं होता। पुलिस भी इसका लाभ उठाती है। माता-पिता को बेटी से मिलने तक नहीं दिया जाता।

मार्च में अपहृत तीन हिंदू लड़कियों का पता नहीं

इसी साल मार्च में तीन हिंदू लड़कियों सतरान ओड, कवीता भील और अनीता भील का अपहरण कर जबरन धर्म परिवर्तन करा दिया गया। आठ दिन के भीतर ही इनकी मुस्लिम व्यक्तियों से शादी करा दी गई। इसके बाद से इनका कोई पता नहीं है। रोहरी में 21 मार्च को पूजा कुमारी की घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

एक पाकिस्तानी व्यक्ति उससे शादी करना चाहता था और वह इनकार कर रही थी। कुछ दिन पहले उस व्यक्ति के दो साथियों ने पूजा पर गोली भी चलाई थी। पूजा के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन आरोपियों की ऊंची पहुंच के कारण उन्हें समझौता करना पड़ा।

हिंदू महिलाएं भी बन रही हैं उत्पीड़न का निशाना

कम उम्र की बच्चियां ही नहीं, युवा हिंदू महिलाएं भी इनका बन रही हैं। सिंध के खिपरो में एजाज मारी नाम के व्यक्ति ने चार बच्चों की मां गौरी कोहली का उसके घर के बाहर से अपहरण कर लिया। जबरन धर्म परिवर्तन करा उसका एजाज से निकाह करा दिया गया। उसके पति का कहना है कि मारी का इलाके में प्रभाव है और पुलिस उसके खिलाफ कुछ नहीं करती। यहां तक कि पुलिस ने पत्नी को वापस लाने के नाम पर उससे 15,000 रुपये की रिश्वत भी ले ली। अमेरिका स्थित अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्था एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। एमनेस्टी ने कहा, वह लोगों के शांतिपूर्ण धरनों पर कार्रवाई करना बंद करें। लोगों को जबरन गायब करना अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का गंभीर उल्लंघन है। यह अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपराध है।

चीन की नई चाल, पैसा फेंक कर नेपाल को लुभाने की कोशिश!

काठमांडू। चीन ने नेपाल को 15 अरब डॉलर की सहायता देने का एलान किया है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने नेपाल के विदेश मंत्री नारायण खड़का से बातचीत के दौरान ये रकम देने की बात कही। खड़का रात चीन रवाना हुए थे। खड़का और उनके साथ गए नेपाली प्रतिनिधिमंडल को अपने यहां बुलाने के लिए चीन ने एक विशेष चार्टर्ड विमान भेजा था। वहां उनके सामने ये बड़ी आर्थिक मदद देने की बात रखी गई। दोनों विदेश मंत्रियों की बातचीत चियानदाओ शहर में हुई। इससे खुश खड़का ने चीनी प्रतिनिधिमंडल के सामने फिर से 'वन चाइना पॉलिसी' के प्रति नेपाल की वचनबद्धता दोहराई। उन्होंने यह वादा भी किया कि नेपाल सरकार अपने देश की जमीन का चीन के खिलाफ किसी तरह का इस्तेमाल नहीं होने देगी। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक चीन नेपाल के केमिकल फर्टिलाइजर देने के अनुरोध पर भी विचार करने को तैयार हो गया है।

मोंटेनेग्रो में पारिवारिक झगड़े के बाद अंधाधुंध फायरिंग, 12 लोगों की मौत और छह घायल

मोंटेनेग्रो। मोंटेनेग्रो में अंधाधुंध गोलीबारी की घटना सामने आई है। यहां स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक बंदूकधारी सहित 12 लोग मारे गए, जबकि छह अन्य घायल हो गए। मोंटेनेग्रो के पश्चिमी शहर सेटिनजे में घटनास्थल पर मौजूद पुलिस ने वारदात के बारे में और अधिक जानकारी देने और अन्य कोई टिप्पणी करने से फिलहाल इनकार किया है।

मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि सेटिनजे के एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के बाद बच्चों सहित सड़क पर चलने वाले लोगों पर बेतरतीब ढंग से गोलियां चला दीं, इससे 12 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। हालांकि वह हमलावर शख्स बाद में पुलिस की गोली लगने से मारा गया।

घटनास्थल को पुलिस ने किया बंद

रिपोर्टों में कहा गया है कि घायलों में एक पुलिस अधिकारी भी शामिल है। पुलिस ने अभी भी हमले के बारे में आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है लेकिन घटनास्थल को बंद कर दिया है। साथ ही बताया कि चार घायलों को सेटिनजे के एक अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायलों को राजधानी पोडगोरिका के एक अस्पताल में भेजा गया है।

सनसनीकेज वारदात से शहरवासी सदमें में- मोंटेनेग्रो के प्रधानमंत्री ड्रिटन अबाजोविक ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा सेटिनजे में एक सनसनीखेज वारदात से शहरवासी सदमे में हैं। साथ ही उन्होंने सेटिनजे के सभी लोगों से निर्दोष पीड़ितों के परिवारों, उनके रिश्तेदारों, दोस्तों के साथ रहने का आह्वान किया। इसके अलावा देश में तीन दिन के शोक का भी एलान किया गया है।

सुनक का खुलासा, कहा- इस्तीफा देने के बाद से बोरिस जॉनसन ने किसी कॉल-मैसेज का नहीं दिया जवाब

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल ऋषि सुनक ने खुलासा किया है कि पिछले महीने यूके कैबिनट से चांसलर के रूप में इस्तीफा देने के बाद से बोरिस जॉनसन ने उनके किसी भी मैसेज और कॉल का जवाब नहीं दिया है। सुनक ने यह खुलासा तब किया जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने हाल के हफ्तों में निवर्तमान प्रधानमंत्री से बात की है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री की दौड़ में पूर्व वित्त सचिव ऋषि सुनक और विदेश सचिव लिज ट्रस आमने-सामने हैं। 'द डेली टेलीग्राफ' की सहयोगी संपादक कैमिला टोमिनी ने सुनक से बोरिस जॉनसन के खिलाफ चल रही संसदीय जांच पर उनका विचार पूछा कि क्या जॉनसन ने डाउनिंग स्ट्रीट में कोविड नियम तोड़ने वाली पार्टियों को लेकर संसद को गुमराह किया था। सुनक ने जवाब दिया कि यह एक संसदीय प्रक्रिया है, सरकारी प्रक्रिया नहीं है और मैं सही निर्णय लेने के लिए समिति (कॉमन प्रिविलेज कमिटी) के सांसदों का पूरा सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा, मैं व्यक्तिगत तौर पर उच्च मानकों में बहुत मजबूती से विश्वास करता हूं। प्रधानमंत्री के रूप में मैं तुरंत जो एक काम करूंगा वह है मंत्री के हितों के लिए एक स्वतंत्र सलाहकार बहाल करना, क्योंकि विश्वास, अखंडता और शालीनता राजनीति के केंद्र में है और मैं सामने से नेतृत्व करूंगा। उनसे सवाल किया गया कि क्या उन्होंने जॉनसन से बात की, इस पर सुनक ने कहा, मैंने मैसेज भेजा और कॉल किया लेकिन उन्होंने मेरी कॉल वापस नहीं की।

कार हादसे में घायल हॉलीवुड अभिनेत्री ऐनी हेचे ने तोड़ा दम

लॉस एंजेलिस। कार हादसे में घायल हॉलीवुड अभिनेत्री ऐनी हेचे ने दुनिया को अलविदा कह दिया। ऐनी हेचे ने 53 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। अभिनेत्री की कार लॉस एंजिल्स के मार विस्टा एरिया में 5 अगस्त को एक जलती बिल्डिंग से टकरा गई थी। इस हादसे में वह बुरी तरह झुलस गई थीं। हादसे में ब्रेन इंजरी की वजह से वह बेहोशी की हालत में थीं। अभिनेत्री ऐने के प्रतिनिधि ने इस दुखद सूचना से कुछ समय पहले कहा था कि उनके बचने की कोई उम्मीद नहीं है। इस वजह से उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम से हटाया जा रहा है। ऐने के अंगों को दान किया जाएगा।

ऐनी हेचे के निधन की सूचना से मनोरंजन जगत में शोक है। प्रियंका चोपड़ा ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि उन्हें गर्व है कि वो ऐनी जैसी शख्सियत के साथ काम कर चुकी हैं। वो अच्छी इंसान और उम्दा कलाकार थीं। वह 1998 की फिल्म ह्वासिक्स डेज, सेवन नाइट्सह्व के अलावा कई अन्य हॉलीवुड फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी हैं।

ऐनी हेचे ने सॉप ओपेरा अदर वर्ल्ड से मनोरंजन की दुनिया में प्रवेश किया था। ह्वउन्होंने अपने पिता पर एड्स से मरने से पहले यौन शोषण का आरोप लगाया था। एलेन डीजेनर के साथ उनके संबंधों ने विवादों को जन्म दिया।

सलमान रुश्दी पर चाकू से 20 सेकंड में किए 10 से 15 वार, मंच पर फैला खून ही खून

न्यूयॉर्क। अंग्रेजी भाषा के मशहूर लेखक सलमान रुश्दी पर अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में एक कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलावर ने रुश्दी पर चाकू से 20 सेकंड में किए 10 से 15 वार किए जिसके बाद मंच पर खून ही खून हो गया।

एक आदमी मंच पर दौड़ा और रुश्दी को पीटना शुरू कर दिया

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सलमान रुश्दी पर हमला उस समय हुआ जब वह चौटाउक्का संस्थान के एक कार्यक्रम में भाषण दे रहे थे। इस दौरान एक आदमी मंच पर दौड़ा और सलमान रुश्दी को पीटना शुरू कर दिया। इस बात को कोई समझ नहीं पा रहा था कि हो क्या रहा है लेकिन इसके बाद हमलावर ने चाकू निकालकर गर्दन पर वार करना शुरू कर दिया।

हमलावर को लोगों ने पकड़ लिया

प्रत्यक्षदर्शी एक महिला कैथलीन जोन्स ने कहा कि हमलावर ने काले रंग के मुखौटे के साथ काले कपड़े पहने थे। सब सोच रहे थे कि यह कोई स्टंट तो नहीं लेकिन यह कुछ ही सेकंड में स्पष्ट हो गया कि यह कोई स्टंट नहीं बल्कि जानलेवा हमला है। हमले के बाद रुश्दी तुरंत फर्श पर गिर गए और हमलावर को लोगों ने पकड़ लिया।

न्यूयॉर्क राज्य के गवर्नर कैथी होचुल ने जानकारी दी कि वह जीवित हैं और उनकी उचित देखभाल की जा रही है। हालांकि खून बहुत ज्यादा बहने से उनकी हालात गंभीर बनी हुई है। वहीं अचानक हमला होता देख करीब

2500 दर्शकों में भगदड़ मच गई। हमले में घायल सलमान रुश्दी को सर्जरी के बाद वेंटिलेटर पर रखा गया है। वहीं एक मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी एक आंख खोने की संभावना है।

हालत के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं

संदिग्ध हमलावर को तुरंत हिरासत में ले लिया गया है। रुश्दी की गर्दन में चोट आई है। एक हेलीकॉप्टर के जरिए लेखक रुश्दी को एक स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया है। उनकी हालत के बारे में अभी कोई विस्तृत जानकारी या आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं, उनका साक्षात्कार लेने वाले के सिर में मामूली चोट लगी है। गवर्नर कैथी ने ट्वीट कर कहा कि हमारी संवेदनाएं सलमान रुश्दी और उनके चाहने वालों के साथ हैं। साथ ही उन्होंने जांच में हरसंभव मदद का वादा किया।

पुलिस ने जारी किया बयान

न्यूयॉर्क राज्य पुलिस ने बयान जारी कर कहा कि चौटाउक्का में जो हमने देखा वह हमारे लगभग 150 वर्षों के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी घटना है। हमारा काम अभी सलमान रुश्दी के परिवार को सुरक्षा मुहैया कराना है। हम इस हमले का उद्देश्य समझने के लिए एफबीआई के साथ काम कर रहे हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि संदिग्ध की पहचान न्यू जर्सी के 24 वर्षीय हादी मतार के रूप में हुई है। रुश्दी के गर्दन और एक बार पेट पर छुरा घोंपने से गंभीर घायल हो गए। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। वर्तमान में उनकी सर्जरी हो रही है।

न्यूयॉर्क राज्य पुलिस ने कहा कि मौके पर से एक बैग और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मिले हैं। हम जांच के बहुत शुरुआती चरण में हैं। एफबीआई के सदस्य जांच में हमारी मदद कर रहे हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

अमेरिका का ऐलान, चीन की घेराबंदी के खिलाफ जारी रहेगी ताइवान की मदद

वाशिंगटन। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद चीन द्वारा ताइवान की जबर्दस्त घेराबंदी की जा रही है। अब अमेरिका ने चीन की इस घेराबंदी के खिलाफ ताइवान की मदद जारी रखने का ऐलान किया है। चीन और ताइवान के बीच अचानक बढ़े तनाव के बाद ताइवान को अमेरिकी समर्थन का ऐलान किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के उप सहायक और एशिया प्रशांत मामलों के समन्वयक कुर्ट कैंपबेल ने कहा है कि चीन के कदम मूल रूप से शांति व स्थिरता के खिलाफ हैं। आने वाले सप्ताहों में चीन ये कदम और तेज कर सकता है। वह ताइवान पर दबाव की कार्रवाई लगातार करता रहेगा। यह दबाव आने वाले हफ्तों और कई महीनों तक जारी रहेगा। इसका मकसद स्पष्ट रूप से ताइवान को डराना और उसकी आजादी को कम करना है। कैंपबेल ने कहा कि अमेरिका ताइवान के खिलाफ चीन के कदमों को देखते हुए शांतिपूर्वक ठोस कदम उठाता रहेगा ताकि क्षेत्र में शांति व स्थिरता कायम रखी जा सके। वह लंबे समय से चली आ रही अपनी नीति के अनुसार ताइवान की मदद करता रहेगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों से स्पष्ट है कि चुनौतियां लंबे समय तक रहने वाली हैं, इसलिए अगले कुछ दिनों में इस दिशा में अमेरिकी पहल स्पष्ट रूप से दिखाई देगी। उन्होंने साफ कहा कि अमेरिकी किसी हाल में झुकेगा नहीं और धीरज के साथ प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। अमेरिका अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करते हुए ताइवान के इलाकों में उड़ान भरना, समुद्री सुरक्षा और जहाजों की आवाजाही जारी रखेगा। कैंपबेल ने कहा कि ताइवान रिलेशंस एक्ट के तहत अपनी घोषणाओं को पूरा करने के लिए अमेरिका वचनबद्ध है। इसमें ताइवान की आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करना और उसके खिलाफ ताकत या अन्य किसी तरह की जबरदस्ती के किसी भी प्रयास का विरोध करना शामिल है।

मोंटेनेग्रो सामूहिक गोलीबारी में 12 लोगों की मौत, छह घायल

बेलग्रेड। मोंटेनेग्रो में शुक्रवार को एक सामूहिक गोलीबारी में एक बंदूकधारी समेत 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक रिपोर्ट के मुताबिक छह अन्य लोग घायल हो गए। पश्चिमी मोंटेनिग्रिन शहर सेटिनजे में घटनास्थल पर मौजूद पुलिस ने घटना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि सेटिनजे के एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के बाद अपने पड़ोस में बेतरतीब ढंग से गोलियां चला दीं,

जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। उस व्यक्ति को बाद में पुलिस ने गोली मार दी थी।